# UPPSC
# Staff Nurse

## Previous Year Paper
### 7th December 2017

# उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग स्टॉफ नर्स परीक्षा - 2017

## व्याख्यात्मक हल प्रश्न-पत्र

सीरीज - D परीक्षा तिथि - 17/12/2017

**1. सबसे अधिक दलहन उत्पादक राज्य क्रम में आते हैं-**

(a) महाराष्ट्र > मध्य प्रदेश > उत्तर प्रदेश
(b) मध्य प्रदेश > उत्तर प्रदेश > महाराष्ट्र
(c) उत्तर प्रदेश > मध्य प्रदेश > महाराष्ट्र
(d) मध्य प्रदेश > महाराष्ट्र > उत्तर प्रदेश

**उत्तर–(d)**

भारत में सर्वाधिक दलहन उत्पादक शीर्ष तीन राज्य इस प्रकार हैं-

| राज्य | उत्पाद (हजार टन में) (वर्ष 2014-15) |
|---|---|
| (i) मध्य प्रदेश | 4705 |
| (ii) राजस्थान | 1950 |
| (iii) महाराष्ट्र | 1738 |
| (iv) कर्नाटक | 1488 |
| (v) उत्तर प्रदेश | 1447 |

**2. निम्नलिखित में से कौन-सा खरीफ फसल नहीं है?**

(a) धान (b) मूंगफली
(c) मक्का (d) अलसी

**उत्तर–(d)**

वर्षा ऋतु की फसलों को 'खरीफ फसल' कहा जाता है। इस फसल को जून-जुलाई में बोया जाता है तथा अक्टूबर-नवंबर तक कटाई कर ली जाती है। धान, बाजरा, मक्का, कपास, मूंगफली, शकरकंद, तिल, ज्वार, गन्ना आदि खरीफ फसलों के उदाहरण हैं। अलसी, रबी की फसल है।

**3. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :**

| सूची -I (भौतिक राशि) | सूची -II (इकाई) |
|---|---|
| A. दाब | 1. प्रकाशवर्ष |
| B. कार्य | 2. जूल |
| C. तापमान | 3. फारेनहाइट |
| D. दूरी | 4. पास्कल |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

**उत्तर–(c)**

सही सुमेलन इस प्रकार है-

| सूची -I (भौतिक राशि) | सूची -II (इकाई) |
|---|---|
| दाब | पास्कल |
| कार्य | जूल |
| तापमान | फारेनहाइट |
| दूरी | प्रकाशवर्ष |

**4. मानव शरीर में ग्लूकोज का आधिक्य होने पर वह निम्नलिखित में से किस रूप में संग्रहित रहता है?**

(a) स्टार्च (b) ग्लूकोसैमीन
(c) ग्लाइकोजेन (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर–(c)**

मानव शरीर में ग्लूकोज का आधिक्य होने पर वह ग्लाइकोजेन के रूप में संग्रहित हो जाता है। अग्न्याशय से निकलने वाला इन्सुलिन हॉर्मोन ग्लूकोज के आधिक्य होने पर उसे ग्लाइकोजेन में परिवर्तित कर देता है।

**5. किसी वृक्ष की पत्तियां गिरती हैं, जब उसमें सांद्रता बढ़ती है :**

(a) जिबरेलिन की (b) ऑक्सिन्स की
(c) इथिलीन की (d) साइटोकाइनिन की

**उत्तर–(c)**

एथिलीन गैसीय रूप में पौधों में पाया जाने वाला हॉर्मोन है। एथिलीन पौधों की पत्तियों को झड़ने की क्रिया को नियंत्रित करता है। जब एथिलीन की सांद्रता अधिक हो जाती है, तो वृक्षों की पत्तियां गिरने लगती हैं।

**6. निम्नलिखित में से कौन-सा वायु प्रदूषक हीमोग्लोबिन से संयुक्त होकर अंगों की ऑक्सीजन आपूर्ति को घटा देता है?**

(a) सल्फर डाइऑक्साइड
(b) कार्बन डाइऑक्साइड
(c) ओजोन
(d) कार्बन मोनोऑक्साइड

**उत्तर–(d)**

कार्बन मोनोऑक्साइड गैस मानव रक्त के हीमोग्लोबिन के साथ मिलकर 'कार्बोक्सी हीमोग्लोबिन' नामक एक लाल पदार्थ बनाता है, जिससे रक्त में ऑक्सीजन ग्रहण करने की क्षमता समाप्त हो जाती है, जिसके परिणामस्वरूप श्वास प्रक्रिया बाधित होती है और अंत में मृत्यु हो जाती है।

**7. निम्नलिखित में से किस राज्य/संघीय राज्य-क्षेत्र को 2022 के राष्ट्रीय खेल-कूद के आतिथेय के लिए चयनित किया गया है?**

(a) मणिपुर (b) मेघालय

(c) पुडुचेरी (d) गोवा

**उत्तर—(b)**

वर्ष 2022 में राष्ट्रीय खेल का आयोजन मेघालय राज्य में होगा।

**8. मानव विकास सूचकांक - 2016 में भारत को कितने अंक प्राप्त हुए हैं?**

(a) 0.623 (b) 0.624

(c) 0.625 (d) 0.626

**उत्तर—(b)**

मानव विकास सूचकांक (H.D.I.) - 2016 में भारत का H.D.I. मूल्य 0.624 है। 'भारत' मध्यम मानव विकास वाले देशों की सूची में शामिल है। यह सूचकांक संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (U.N.D.P.) द्वारा प्रतिवर्ष जारी किया जाता है।

**9. निम्नलिखित में से किसने 65 किग्रा. की श्रेणी में एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है?**

(a) बजरंग पुनिया (b) हरप्रीत

(c) गुरुप्रीत (d) अनिल कुमार

**उत्तर—(a)**

एशियन कुश्ती चैंपियनशिप के 65 किग्रा. भार वर्ग में बजरंग पुनिया ने दक्षिण कोरिया के ली सेयुंगचुल को हराकर स्वर्ण पदक जीता था।

**10. निम्नलिखित में से किसने फ्रांस का राष्ट्रपति चुनाव- 2017 जीता है?**

(a) मैरीन लि पेन (b) फ्रेन्कोइस ओलांद

(c) एम्मानुएल मैक्रों (d) जीन-लुक मेलेन्कन

**उत्तर—(c)**

इमैनुएल मैक्रों फ्रांस के 25वें राष्ट्रपति के रूप में 14 मई, 2017 को पदभार ग्रहण किया। वे फ्रांस के अब तक के सबसे युवा राष्ट्रपति हैं। उन्होंने फ्रांस्वा ओलांद का स्थान ग्रहण किया।

**11. एक धन 10% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से 5 गुना हो जाता है। कितने प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से उतने ही समय में वह 7 गुना हो जाएगा?**

(a) 12% (b) 15%

(c) 20% (d) 30%

**उत्तर—(b)**

माना मूलधन = P रुपया, दर = r %, समय = t वर्ष है।

$$\text{साधारण ब्याज} = \frac{\text{मूलधन} \times \text{दर} \times \text{समय}}{100}$$

प्रश्नानुसार

$$5P - P = \frac{P \times 10 \times t}{100}$$

$$4P = \frac{P \times 10 \times t}{100}$$

$$t = 40$$

तथा

$$7P - P = \frac{P \times r \times 40}{100}$$

$$6P = \frac{P \times r \times 4}{10}$$

$$r = \frac{60}{4}\% \Rightarrow 15\%$$

**12. एक वस्तु को रु. 480 में बेचने पर किसी व्यक्ति को 20% की हानि होती है। उसे 20% लाभ पाने के लिए वस्तु को कितने रुपये में बेचना चाहिए?**

(a) रु. 680 (b) रु. 700

(c) रु. 800 (d) रु. 720

**उत्तर—(d)**

माना वस्तु का क्रय मूल्य $x$ रु. है।

अत: $\frac{80x}{100} = 480$

$x = 600$ रुपये

20% लाभ पाने के लिए वस्तु का विक्रय मूल्य

$$= \frac{120y}{100}$$

$$= \frac{120 \times 600}{100} \Rightarrow 720 \text{ रुपये}$$

**13. यदि $x + y = 12$, तो $(x - 5)^3 + (y - 7)^3$ का मान है-**

(a) 144 (b) 125

(c) 81 (d) 0

**उत्तर—(d)**

दिया है $x + y = 12$

$x + y - 12 = 0$

$\because a^3 + b^3 = (a+b)^3 - 3ab(a+b)$

$\therefore (x-5)^3 + (y-7)^3 = (x-5+y-7)^3 - 3(x-5)(y-7)(x-5+y-7)$

$= (x+y-12)^3 - 3(x-5)(y-7)(x+y-12)$

$= 0 \quad (\because x+y-12=0)$


**14. यदि किसी आयत का विकर्ण उसकी छोटी भुजा का 3 गुना हो, तो उसकी भुजाओं में अनुपात है -**

(a) $\sqrt{3}:1$ (b) $2\sqrt{3}:1$

(c) $2\sqrt{2}:1$ (d) $\sqrt{2}:1$

**उत्तर–(c)**

माना आयत की चौड़ाई $x$ तथा लंबाई y है




आयत का विकर्ण $= 3x$

$\therefore$ विकर्ण$^2$ = (लंबाई)$^2$ + (चौड़ाई)$^2$

$(3x)^2 = y^2 + x^2$

$y^2 = 8x^2$

$y = 2\sqrt{2}x$

$\therefore$ भुजाओं का अनुपात $= y : x$

$= 2\sqrt{2}x : x$

$= 2\sqrt{2} : 1$

**15. आर्यभट्टीयम् ग्रंथ है :**

(a) भूगोल का (b) इतिहास का

(c) खगोल विज्ञान का (d) कृषि का

**उत्तर–(c)**

आर्यभट्ट (चौथी - पांचवीं शताब्दी ई.) प्राचीन भारत के प्रसिद्ध गणितज्ञ एवं खगोल शास्त्री थे। उन्होंने अपनी पुस्तक 'आर्यभट्टीय ग्रंथ' में बताया कि सूर्य स्थिर है, पृथ्वी घूमती है। उन्होंने चंद्र ग्रहण एवं सूर्य ग्रहण के कारणों तथा पृथ्वी के परिधि का भी पता लगाया।

**16. निम्नलिखित में से कौन-सा स्थल बुद्ध के जीवन से संबंधित नहीं है?**

(a) लुम्बिनी (b) वल्लभी

(c) कुशीनगर (d) सारनाथ

**उत्तर–(b)**

गौतम बुद्ध का जन्म कपिलवस्तु के निकट लुम्बिनी में 563 ई.पू. में हुआ था। 29 वर्ष की आयु में गृह त्याग के बाद 6 वर्षों की कठिन साधना के पश्चात उन्हें एक पीपल के वृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्त हुआ। ज्ञान प्राप्ति के बाद वे सबसे पहले सारनाथ आए। यहां उन्होंने पहला उपदेश दिया। 483 ई.पू. में कुशीनारा (वर्तमान कुशीनगर) में 80 वर्ष की आयु में गौतम बुद्ध की मृत्यु हो गई, जिसे महापरिनिर्वाण कहा गया। अतः वल्लभी महात्मा बुद्ध के जीवन से संबंधित नहीं है।

**17. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है?**

| **(समाज सुधारक)** | | **(संस्था)** |
|---|---|---|
| (a) स्वामी दयानंद | - | आर्य समाज |
| (b) स्वामी विवेकानंद | - | रामकृष्ण मिशन |
| (c) स्वामी रामकृष्ण | - | ब्रह्म समाज |
| (d) सैयद अहमद खान | - | साइंटिफिक सोसाइटी |

**उत्तर–(c)**

राजा राम मोहन राय ने 20 अगस्त, 1828 को 'ब्रह्म सभा' नाम से एक नए समाज की स्थापना की, जिसे आगे चलकर 'ब्रह्म समाज' के नाम से जाना गया। इस समाज ने मूर्ति पूजा का विरोध किया और एक ब्रह्म की पूजा का उपदेश दिया। शेष सभी विकल्प सुमेलित हैं।

**18. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?**

| **(लेखक)** | | **(पुस्तक)** |
|---|---|---|
| (a) अबुल कलाम आजाद | - | इंडिया विन्स फ्रीडम |
| (b) डॉ. राजेंद्र प्रसाद | - | इंडिया डिवाइडेड |
| (c) महात्मा गांधी | - | हिंद स्वराज |
| (d) जवाहरलाल नेहरू | - | मदर इंडिया |

**उत्तर–(d)**

'इंडिया विंस फ्रीडम' मौलाना अबुल कलाम आजाद की आत्मकथा है। 'इंडिया डिवाइडेड' डॉ. राजेंद्र प्रसाद की पुस्तक है। 'हिंद स्वराज' महात्मा गांधी की रचना है। 'मदर इंडिया' नामक पुस्तक कैथरीन मेयो द्वारा लिखी गई थी।

**19. भारत सरकार ने 'नीति आयोग' की स्थापना की है-**

(a) मानवाधिकार आयोग के स्थान पर

(b) वित्त आयोग के स्थान पर

(c) योजना आयोग के स्थान पर

(d) विधि आयोग के स्थान पर

**उत्तर–(c)**

नीति आयोग का गठन 1 जनवरी, 2015 को योजना आयोग के स्थान पर किया गया। यह सहकारी संघवाद के सिद्धांत पर आधारित है। नीति आयोग का पदेन अध्यक्ष प्रधानमंत्री होता है।

**20. भारतीय संविधान के किस संशोधन द्वारा मताधिकार की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष की गई?**

(a) 59वां (b) 61वां

(c) 62वां (d) 60वां

**उत्तर—(b)**

61वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1988 द्वारा मताधिकार की आयु को 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष किया गया था। यह 28 मार्च, 1989 से प्रभावी हुआ।

**21. भारत के राष्ट्रपति द्वारा राज्य सभा के लिए कितने सदस्यों को मनोनीत किया जाता है?**

(a) 12 (b) 14

(c) 16 (d) 10

**उत्तर—(a)**

अनुच्छेद 80 के अनुसार, राष्ट्रपति द्वारा राज्य सभा में 12 व्यक्ति मनोनीत किए जाते हैं, जिन्हें साहित्य, विज्ञान, कला और समाज सेवा के क्षेत्र में विशेष ज्ञान या व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होता हो।

**22. निम्नलिखित प्रायद्वीपीय नदियों में से किसका डेल्टा 'दक्षिण भारत का बगीचा' कहलाता है?**

(a) कृष्णा (b) गोदावरी

(c) महानदी (d) कावेरी

**उत्तर—(d)**

प्रायद्वीपीय भारत की नदियों में से कावेरी नदी के डेल्टा को 'दक्षिण भारत का बगीचा' (Garden of Southern India) कहा जाता है। कावेरी नदी को 'दक्षिण गंगा' के नाम से भी जाना जाता है।

**23. निम्नलिखित में से कौन सबसे पुराना पर्वत है?**

(a) अरावली (b) आल्पस

(c) हिमालय (d) रॉकी

**उत्तर—(a)**

अरावली श्रेणी गुजरात के पालनपुर से लेकर राजस्थान एवं हरियाणा से होकर दिल्ली तक लगभग 692 किमी. की लंबाई में फैली है। इसका निर्माण प्री-कैम्ब्रियन काल में हुआ था, जो 600 से 570 मिलियन वर्ष पूर्व का माना जाता है।

**24. निम्नलिखित महाद्वीपों पर विचार कीजिए तथा इनके नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए इनके क्षेत्रफल के आरोही अनुक्रम में सही उत्तर चुनिए :**

(1) दक्षिण अमेरिका (2) यूरोप

(3) ऑस्ट्रेलिया (4) अफ्रीका

**कूट :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (b) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (c) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (d) | 2 | 1 | 3 | 4 |

**उत्तर—(a)**

विश्व में कुल सात महाद्वीप हैं। क्षेत्रफल के अनुसार, इनका क्रम निम्न है-

| महाद्वीप | क्षेत्रफल (वर्ग किमी.) |
|---|---|
| एशिया | 44,579,000 |
| अफ्रीका | 30,065,000 |
| उत्तरी अमेरिका | 24,256,000 |
| दक्षिणी अमेरिका | 17,819,000 |
| अंटार्कटिका | 13,209,000 |
| यूरोप | 9,938,000 |
| ऑस्ट्रेलिया | 7,687,000 |

**25. नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित देशों को उत्तर से दक्षिण की ओर इनके अवस्थित अनुक्रम का सही उत्तर चुनिए -**

(1) इथियोपिया (2) फिलीपींस

(3) चिली (4) ग्रीनलैंड

**कूट :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (c) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (d) | 1 | 3 | 2 | 4 |

**उत्तर—(b)**

प्रश्नानुसार दिए गए विकल्पों में देशों का उत्तर से दक्षिण की ओर क्रम इस प्रकार है- ग्रीनलैंड, फिलीपींस, इथियोपिया तथा चिली।

**26. 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में लिंगानुपात है-**

(a) 1000 पुरुष : 923 स्त्री (b) 1000 पुरुष : 927 स्त्री

(c) 1000 पुरुष : 933 स्त्री (d) 1000 पुरुष : 940 स्त्री

**उत्तर—(d)**

2011 की जनगणना के अंतिम आंकड़ों के अनुसार, देश में प्रति एक हजार पुरुषों पर महिलाओं की संख्या (लिंगानुपात) 943 है। जबकि जनगणना 2011 के अनंतिम आंकड़ों के अनुसार, भारत का पुरुष-स्त्री अनुपात या लिंगानुपात 940 है।

**27. भारत में गरीबी का स्तर स्थापित होता है-**

(a) विभिन्न प्रदेशों के प्रति व्यक्ति आय से

(b) औसत घरेलू आय से

(c) घरेलू उपभोक्ता व्यय से

(d) देश में मलिन जनसंख्या से

**उत्तर–(c)**

भारत में गरीबी अनुमानों का आधार परिवार का उपभोग व्यय है।

**28. निम्नलिखित में से कौन-सा बहु-आयामी निर्धनता सूचकांक का अवयव नहीं है?**

(a) स्वास्थ्य (b) शिक्षा

(c) व्यवसाय (d) रहन-सहन का स्तर

**उत्तर–(c)**

वर्ष 2010 में ऑक्सफोर्ड निर्धनता एवं मानव विकास पहल द्वारा संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) के सहयोग से मानव विकास रिपोर्ट के लिए निर्धनता मापन हेतु बहुआयामी निर्धनता सूचकांक जारी किया गया। यह सूचकांक स्वास्थ्य, शिक्षा व जीवन स्तर से संबंधित है।

**29. सूची - I को सूची - II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए-**

| सूची -I (उर्वरक) | सूची -II (नाइट्रोजन की मात्रा) |
|---|---|
| A. यूरिया | 1. 24% |
| B. डाइअमोनियम फॉस्फेट | 2. 20% |
| C. अमोनियम सल्फेट | 3. 18% |
| D. अमोनियम क्लोराइड | 4. 46% |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (c) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (d) | 1 | 3 | 2 | 4 |

**उत्तर–(a)**

सही सुमेलन इस प्रकार है-

| सूची -I (उर्वरक) | सूची -II (नाइट्रोजन की मात्रा) |
|---|---|
| A. यूरिया | 46% |
| B. डाइअमोनियम फॉस्फेट | 18% |
| C. अमोनियम सल्फेट | 20% |
| D. अमोनियम क्लोराइड | 24% |

**30. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा सही सुमेलित है?**

| (फसल) | | (रोग) |
|---|---|---|
| A. धान | - | उकठा रोग |
| B. मक्का | - | सफेदा रोग |
| C. चना | - | तना सड़न |
| D. गेहूं | - | करनाल बंट |

**उत्तर–(d)**

करनाल बंट नामक रोग गेहूं से संबंधित है। यह कवक जनित रोग है। जबकि उकठा रोग, सफेदा रोग, तना सड़न रोग क्रमशः चना, धान तथा मक्के के प्रमुख रोग हैं।

**31. निम्नलिखित में से तत्सम शब्द है-**

(a) गोपाल (b) घर

(c) कपूत (d) सूत

**उत्तर–(a)**

गोपाल तत्सम शब्द है, जिसका तद्भव ग्वाल होता है। घर, कपूत तथा सूत तद्भव शब्द हैं, इनका तत्सम क्रमशः गृह, कुपुत्र तथा सूत्र है।

**32. 'वह एक अच्छा विद्यार्थी है' वाक्य में विशेष्य है-**

(a) वह (b) एक

(c) अच्छा (d) विद्यार्थी

**उत्तर–(d)**

'वह एक अच्छा विद्यार्थी है' वाक्य में विशेष्य 'विद्यार्थी' है।

**33. 'हजारों लोगों ने उसे देखा है' वाक्य में विशेषण है-**

(a) देखा (b) लोगों

(c) हजारों (d) उसे

**उत्तर–(c)**

'हजारों लोगों ने उसे देखा है' वाक्य में 'हजारों' विशेषण है, जो अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण के अंतर्गत आता है।

**34. 'इतिहास' से विशेषण शब्द बनता है-**

(a) इतिहासिक (b) ऐतिहासिक

(c) ऐतिहासी (d) इतिहासी

**उत्तर–(b)**

इतिहास शब्द से 'ऐतिहासिक' विशेषण बनता है।

**35. 'वसुंधरा' का पर्यायवाची शब्द है-**

(a) क्षिति (b) रत्नाकर

(c) कलाधर (d) दिनकर

**उत्तर–(a)**

'वसुंधरा' के पर्यायवाची पृथ्वी, क्षिति, अवनि, उर्वी, मेदिनी, इला, धरा इत्यादि हैं, जबकि रत्नाकर, कलाधर तथा दिनकर क्रमशः समुद्र, चंद्रमा तथा सूर्य के पर्यायवाची हैं।

**36. 'बादल' का पर्यायवाची शब्द नहीं है-**

(a) तोयद (b) पयोधर

(c) नीरद (d) तोयधि

**उत्तर—(d)**

तोयद, पयोधर तथा नीरद बादल के पर्यायवाची हैं, जबकि तोयधि समुद्र का पर्यायवाची है।

**37. 'व्योम' शब्द का पर्याय है-**

(a) आम्र (b) कौए

(c) अम्बर (d) अग्नि

**उत्तर—(c)**

'व्योम' शब्द का पर्याय अम्बर, गगन, आकाश, नभ, अभ्र, दिव, अनंत इत्यादि हैं।

**38. पर्यायवाची दृष्टि से एक शब्द-युग्म अशुद्ध है-**

(a) गंगा - जाह्नवी (b) पानी - पाणि

(c) गृह - सदन (d) मयूर - केकी

**उत्तर—(b)**

पानी-पाणि क्रमशः तद्भव - तत्सम हैं। शेष पर्यायवाची की दृष्टि से शुद्ध युग्म हैं।

**39. 'सन्धि' का विलोम शब्द है-**

(a) उपसंधि (b) शत्रुता

(c) विग्रह (d) वैमनस्य

**उत्तर—(c)**

'सन्धि' का विलोम शब्द 'विग्रह' है। शत्रुता, मित्रता का तथा वैमनस्य, सौमनस्य का विलोम है।

**40. निम्नलिखित में से 'सरल' का विलोम शब्द नहीं है?**

(a) विरल (b) कुटिल

(c) कठिन (d) वक्र

**उत्तर—(a)**

'सरल' का विलोम 'कुटिल', 'कठिन' तथा 'वक्र' होता है, जबकि 'विरल' से इसका कोई संबंध नहीं है।

**41. 'योगी' का विपरीतार्थक शब्द है-**

(a) रोगी (b) निरोगी

(c) जोगी (d) भोगी

**उत्तर—(d)**

'योगी' का विपरीतार्थक 'भोगी' होता है। 'रोगी' तथा 'निरोगी' परस्पर विलोम हैं।

**42. 'कृतज्ञ' का विलोम शब्द है-**

(a) कृपण (b) कुतर्क

(c) कृतघ्न (d) कृतकार्य

**उत्तर—(c)**

'कृतज्ञ' का विलोम शब्द 'कृतघ्न' है।

**43. वर्तनी की दृष्टि से कौन-सा शब्द शुद्ध है?**

(a) अनुग्रीहित (b) अनुगृहीत

(c) अधिग्रहित (d) अनुग्रहीत

**उत्तर—(b)**

दिए गए विकल्पों में 'अनुगृहीत' शब्द शुद्ध है।

**44. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए-**

(a) नौकर आटा पिसवाने गया है।

(b) एक गुलाब के फूल की माला ले आओ।

(c) यहां सर्वोत्कृष्ट ज्वर की चिकित्सा होती है।

(d) परमात्मा के अनेक नाम हैं।

**उत्तर—(d)**

विकल्प (d) शुद्ध वाक्य है। शेष विकल्प अशुद्ध हैं। विकल्प (a) का शुद्ध वाक्य होगा- नौकर गेहूं पिसवाने गया है, क्योंकि विकल्प में प्रयुक्त 'आटा पिसवाना' अशुद्ध है। आटा नहीं, बल्कि गेहूं पिसवाया जाता है, जो पिसने के बाद आटा का रूप लेता है। इसी प्रकार विकल्प (b) का शुद्ध वाक्य होगा- गुलाब के फूल की एक माला ले आओ, क्योंकि कई फूल गूंथकर माला बनाते हैं विकल्प (c) का शुद्ध वाक्य होगा - यहां ज्वर की सर्वोत्कृष्ट चिकित्सा होती है।

**45. निम्नलिखित में से अशुद्ध वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए-**

(a) शोचनीय (b) भाष्कर

(c) ज्योत्स्ना (d) वाङ्मय

**उत्तर—(b)**

शोचनीय, ज्योत्स्ना तथा वाङ्मय शुद्ध वर्तनी वाले शब्द है, जबकि भाष्कर वर्तनी अशुद्ध है। इसका शुद्ध वर्तनी भास्कर है।

**46. 'जिसका कोई शत्रु पैदा ही न हुआ हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द है-**

(a) अजातशत्रु (b) शत्रुघ्न

(c) शत्रुहीन (d) शत्रुविहीन

**उत्तर—(a)**

'जिसका कोई शत्रु पैदा ही न हुआ हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'अजातशत्रु' है।

**47. 'अपना मंतव्य साधने वाला' के लिए एक शब्द है-**

(a) परमार्थी (b) धर्मार्थी

(c) स्वार्थी (d) सत्यार्थी

**उत्तर—(c)**

'अपना मंतव्य साधने वाला' के लिए एक शब्द 'स्वार्थी' है।

**48. 'जिसका उच्चारण न किया गया हो' के लिए एक शब्द है-**

(a) समुच्चरित (b) अनुत्तरित
(c) मौन (d) अनुच्चरित

**उत्तर—(d)**

'जिसका उच्चारण न किया गया हो' के लिए एक शब्द 'अनुच्चरित है।

**49. कौन-सा शब्द-युग्म तत्सम की दृष्टि से अशुद्ध है?**

(a) तृण - दण्ड (b) वत्स - परख
(c) कपाट - एकादश (d) राजपुत्र - शूकर

**उत्तर—(b)**

विकल्प (b) का शब्द युग्म तत्सम की दृष्टि से अशुद्ध है। इस विकल्प का पहला शब्द तत्सम, जबकि दूसरा शब्द तद्भव है। परख का तत्सम परीक्षा होता है।

**50. 'शुष्ठि' का तद्भव शब्द है-**

(a) श्रेष्ठी (b) सोंठ
(c) सुगंध (d) शुंडा

**उत्तर—(b)**

'शुष्ठि' का तद्भव शब्द 'सोंठ' है।

**51. एक बच्चे को ब्रांज बेबी सिंड्रोम के लिए देखना चाहिए, जब उसे मिल रही हो-**

(a) इम्यून थेरैपी (b) केमो थेरेपी
(c) फोटो थेरैपी (d) रेडिएशन थेरैपी

**उत्तर—(c)**

एक बच्चे को 'ब्रांज बेबी सिंड्रोम' (Bronze Baby Syndrome) के लिए देखना चाहिए जब उसे फोटोथेरैपी (Phototherapy) मिल रही हो। यह सामान्यतया नवजात शिशु को पीलिया (Jaundice) के उपचार के दौरान होता है।

**52. निम्नलिखित में से कौन-सी अंतरराष्ट्रीय संस्था भारत में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कल्याण में सबसे अधिक योगदान कर रही है?**

(a) यूनिसेफ (b) विश्व बैंक
(c) डब्ल्यू.एच.ओ. (d) यू.एन.डी.पी.

**उत्तर—(a)**

संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय बाल आपात कोष या यूनिसेफ (UNICEF) संयुक्त राष्ट्र का एक विशिष्ट अभिकरण है। वर्ष 1946 में स्थापित यूनिसेफ का मुख्यालय न्यूयॉर्क (संयुक्त राज्य अमेरिका) में है। भारत में इसका क्षेत्रीय मुख्यालय नई दिल्ली में है। इसका मुख्य कार्य माताओं और शिशुओं के स्वास्थ्य की उन्नति करना है। साथ ही साथ यह संगठन बाल स्वास्थ्य को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लाभ पहुंचाने वाले सभी कार्यक्रमों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**53. नर्सिंग में इथिक्स का क्या अर्थ है?**

(a) नर्स द्वारा किया जाने वाले प्रोसीजर
(b) सही व्यवहार के लिए बनाए गए नियम
(c) एक नर्स की काम की जिम्मेदारी
(d) एक आदर्श नर्स के लक्षण

**उत्तर—(b)**

नर्सिंग में इथिक्स का तात्पर्य नर्सों की नैतिकता से है, जो सही व्यवहार के लिए बनाए गए नियम (Rules for Correct Behaviour) से संबंधित है। इसके कुछ बिंदु निम्नलिखित हैं-

- लोगों के जीवन, अधिकारों व गरिमा का आदर करना, उनकी सेवा बिना भेदभाव के करना चाहिए तथा उन्हें पूरा सहयोग करना चाहिए।
- लोगों के धर्म, रीति-रिवाजों व आध्यात्मिक भावनाओं का आदर करना चाहिए।
- किसी भी व्यक्ति की व्यक्तिगत जानकारी दूसरों को नहीं बताना चाहिए।
- अपने व्यक्तिगत आदतों एवं व्यवहार को आदर्श रूप में प्रस्तुत करना चाहिए।
- अपने स्वास्थ्य टीम में सदस्यों को पूर्ण सहयोग देना चाहिए।

**54. इंटरनेशनल रेडक्रॉस की स्थापना किसने की थी?**

(a) जॉन ब्राइट (b) लॉर्ड डासन
(c) जे.डी. रोकफेलर (d) हेनरी ड्यूनेंट

**उत्तर—(d)**

'इंटरनेशनल रेडक्रॉस' की स्थापना सन् 1863 में जीन हेनरी ड्यूनेंट ने की थी। 1901 ई. में हेनरी ड्यूनेंट को 'मानव सेवा' हेतु पहला नोबेल शांति पुरस्कार मिला। विश्व रेडक्रॉस दिवस प्रतिवर्ष 8 मई को मनाया जाता है। इसका मुख्यालय 'जेनेवा' स्विट्जरलैंड में है।

**55. विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है-**

(a) सात जून (b) सात अप्रैल
(c) सत्तरह मार्च (d) सताईस जनवरी

**उत्तर—(b)**

विश्व स्वास्थ्य संगठन (World Health Organisation-WHO) के तत्वावधान में प्रतिवर्ष 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है।

**56. ''एलीसा'' का पूरा नाम क्या है?**

(a) इन्जाइम लाइसेस इम्यून सॉल्यूशन एक्टिविटी
(b) इन्जाइम लिंक्ड इम्यून सार्बेट ऐसे
(c) इन्जाम लिंक्ड इंटीग्रेटेड सॉल्यूशन एक्टिविटी
(d) इन्जाम लाइसेस इम्यून सॉल्यूशन ऐसे

**उत्तर—(b)**

'एलीसा' (ELISA) Enzyme Linked Immune Sorbent Assay. इन्जाइम लिंक्ड इम्यून सार्बेंट ऐसे।

**57. जब एंटीबॉडीज संक्रमित शरीर के अंदर बनते हैं, तो इसे कहते हैं-**

(a) पैसिव रोगप्रतिरोधक क्षमता
(b) एक्टिव रोगप्रतिरोधक क्षमता
(c) दोनों (a) और (b)
(d) उपरोक्त में कोई नहीं

**उत्तर—(b)**

जब एंटीबॉडीज संक्रमित शरीर के अंदर बनते हैं, तो इसे एक्टिव रोगप्रतिरोधक क्षमता (Active Immunity) कहते हैं। एक्टिव रोग प्रतिरोधक क्षमता शरीर के प्रतिरक्षा तंत्र (Immune System) को विशेष रोगाणुओं के विरुद्ध स्वत: एंटीबॉडी के निर्माण हेतु प्रेरित करता है।

**58. इनमें से कौन-सी बीमारी हवा के कणों द्वारा नहीं फैलती है?**

(a) खसरा
(b) चिकनपॉक्स
(c) पोलियो माइलाटिस
(d) क्षयरोग

**उत्तर—(c)**

खसरा, चिकनपॉक्स तथा क्षयरोग नामक बीमारी हवा के कणों द्वारा फैलती है। पोलियो माइलाटिस अत्यधिक संक्रामक वायरल बीमारी है। इसके विषाणु मुख से तथा दूषित पानी या भोजन के माध्यम से एक व्यक्ति से दूसरे में फैलते हैं। यह बीमारी बच्चों में अधिक होती है तथा इससे तंत्रिका तंत्र प्रभावित होता है।

**59. पानी के उबालने से सभी जीवाणु मर जाते हैं, केवल एक को छोड़कर -**

(a) फंजाई
(b) बैक्टीरिया
(c) प्रोटोजोआ
(d) स्पोर्स

**उत्तर—(d)**

स्पोर्स को छोड़कर पानी के उबालने से सभी जीवाणु मर जाते हैं। ये प्राय: निष्क्रिय संरचनाएं (dormant structures) होती हैं तथा प्रतिकूल वातावरण के प्रति इनकी प्रतिरोधकता बहुत अधिक होती है।

**60. मरीज को अस्पताल में रहते हुए अस्पताल से होने वाला संक्रमण कहलाता है-**

(a) लोकलाइज्ड संक्रमण
(b) नोजोकोमियल संक्रमण
(c) द्वितीय संक्रमण
(d) पुन:संक्रमण

**उत्तर—(b)**

मरीज को अस्पताल में रहते हुए, अस्पताल से होने वाला संक्रमण नोजोकोमियल संक्रमण (Nosocomial Infection) कहलाता है। यह मरीज के अस्पताल में भर्ती होने के बाद 48 घंटे तक अथवा अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद 3 दिन तक अथवा शल्य चिकित्सा के बाद 30 दिनों की अवधि तक हो सकता है। इसके लिए प्राय: जीवाणु (Bacteria), कवक (Fungus) तथा विषाणु (Viruses) उत्तरदायी होते हैं, जिसमें जीवाणु प्रमुख रूप से (90 प्रतिशत) योगदान करता है।

**61. जीन पियाजे की थ्योरी किस सिद्धांत पर आधारित है?**

(a) मनोलैंगिक विकास पर
(b) नैतिक विकास पर
(c) मनोसामाजिक विकास पर
(d) संज्ञानात्मक विकास पर

**उत्तर—(d)**

जीन पियाजे स्विट्जरलैंड के चिकित्सा मनोविज्ञानी थे, जो बाल विकास पर किए गए कार्यों के लिए प्रसिद्ध हैं। जीन पियाज का सिद्धांत 'संज्ञानात्मक विकास' (Theory of Congnitive Development) पर आधारित है। इनका मानना था कि व्यक्ति के विकास में उसका बचपन महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है।

**62. क्लासिकल कंडिशिनिंग थ्योरी सीखने का प्रतिपादन किया है-**

(a) थॉर्नडाइक
(b) इवान पावलॉव
(c) वॉस्टन
(d) एरनोल्ड

**उत्तर—(b)**

क्लासिकल कंडिशिनिंग थ्योरी (Classcial Conditioning Theory) का प्रतिपादन इवान पावलॉव ने किया था। इसमें बताया गया है कि सीखना एक अनुकूलित अनुक्रिया है, अस्वाभाविक उद्दीपक के साथ स्वाभाविक अनुक्रिया।

**63. व्यक्तित्व (पर्सनालिटी) मुख्य तौर पर प्रभावित होता है-**

(a) बातचीत से
(b) हावभाव से
(c) सामाजिक क्रियाकलापों से
(d) भाषा से

**उत्तर—(c)**

व्यक्तित्व (Personality) शब्द लैटिन के परसोना (Persona) शब्द से बना है, जिसका अर्थ है- मुखौटा या ओढ़ा गया चेहरा। हालांकि प्रश्नगत सभी विकल्पों से व्यक्तित्व प्रभावित होता है। किंतु मुख्य तौर पर यह सामाजिक क्रियाकलापों से प्रभावित होता हैं। जुंग (Jung) ने व्यक्तियों के व्यक्तित्व का वर्गीकरण उनकी सामाजिकता की प्रवृत्ति को आधार बनाकर तीन वर्गों यथा- बहिर्मुखी (Extrovert), अंतर्मुखी (Introvert) तथा उभयमुखी (Ambikert) में विभक्त किया है।

**64. मौखिक बातचीत या शारीरिक हमले या दोनों के द्वारा क्रोधी बर्ताव की अभिव्यक्ति या प्रदर्शन कहलाता है-**

(a) दमन
(b) वापसी

(c) आक्रामकता (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर—(c)**

मौखिक बातचीत (Verbal dialogue) या शारीरिक हमले (Physical assault) या दोनों के द्वारा क्रोधी बर्ताव की अभिव्यक्ति या प्रदर्शन आक्रामकता (Aggression) कहलाता है। हालांकि कुछ व्यक्ति इस तरह की अभिव्यक्ति रक्षात्मक प्रतिक्रिया (Defence mechanism) के रूप में अपनाने का प्रयत्न करते हैं।

**65. एलएडीडीईआर प्रारूप किसके बारे में बताता है?**

(a) सुनने की कला (b) संचार में बाधाएं
(c) संचार के चरण (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर—(*)**

एलएडीडीईआर (LADDER) प्रारूप सुनने की कला के बारे में बताता है, जो कि प्रभावी संचार के एक चरण (Step) के रूप में होता है। LADDER का विस्तृत रूप निम्नलिखित है-

L - Look at other person - maintain eye to eye contact.
A - Ask appropriate questions.
D - Do not interrupt
D - Do not change the subject
E - Express emotion with control
R - Responsively listen

**66. मानव विकास सूचकांक (एच.डी.आई.) के मूल्य इसके बीच होते हैं-**

(a) 0 - 1 (b) 0 - 10
(c) 0 - 100 (d) 0 - 1000

**उत्तर—(a)**

मानव विकास सूचकांक, UNDP (United Nation Development Programme) द्वारा नापा जाता है। इसके मापदण्ड 0 से 1 के बीच के स्कोर पर आधारित होता है। विभिन्न देशों द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा तथा संसाधनों तक पहुंच के क्षेत्र में की गई उन्नति के आधार पर उन्हें श्रेणी प्रदान करता है।

**67. दहेज प्रथा उन्मूलन अधिनियम किस वर्ष में दिया गया?**

(a) 1961 (b) 1947
(c) 1952 (d) 1968

**उत्तर—(a)**

दहेज निषेध अधिनियम, 1961 में आया, जिसके अनुसार दहेज लेने, देने या इसके लेन-देन में सहयोग करने पर अधिकतम 5 वर्ष की कैद और 15,000 रुपये के जुर्माने का प्रावधान है।

**68. बालक जो 16 वर्ष की आयु का एवं बालिका जो 18 वर्ष की आयु के न होते हुए असामाजिक गतिविधि में लिप्त हैं। इसे क्या कहते हैं?**

(a) असामाजिक बच्चा (b) बाल उत्पीड़न
(c) कांग्रेगेट ग्रुप (d) अल्पवयस्क अपराध (प्रवृत्ति)

**उत्तर—(d)**

बालक जो 16 वर्ष की आयु का एवं बालिका जो 18 वर्ष की आयु के न होते हुए असामाजिक गतिविधियों में लिप्त हैं, तो इसे अल्पवयस्क अपराध या जुवेनाइल डिलिंक्वेंसी (Juvenile Delinquency) कहते हैं। सामान्यत: डिलिंक्वेंसी शब्द का प्रयोग बाल - न्यायालयी कानून के तहत ऐसे बाल अपराधों को परिभाषित करने के लिए किया जाता है, जो न्यायालय के क्षेत्र में आते हैं। 15 जनवरी, 2016 से 'भारत में किशोर न्यायालय (बाल देख-रेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015' लागू हो गया है।

**69. समाज का विभिन्न समूहों में उनकी विशिष्टताओं, सामाजिक स्थिति और भूमिकाओं के आधार पर वर्गीकरण करने को कहा जाता है-**

(a) सामाजिक स्तरीकरण (b) सामाजिक नियंत्रण
(c) सामाजिक परिवर्तन (d) सामाजिक वर्ग

**उत्तर—(a)**

सामाजिक स्तरीकरण एक सार्वभौमिक प्रक्रिया है। समाज का विभिन्न समूहों में उनकी विशिष्टताओं (Characteristics), सामाजिक स्थिति (Status) और भूमिकाओं (Role) के आधार पर वर्गीकरण करने को सामाजिक स्तरीकरण (Social Stratification) कहते हैं। जबकि सामाजिक वर्ग ऐसे व्यक्तियों का एक समूह है जिनकी आय, संपदा, शैक्षणिक पृष्ठभूमि और व्यावसायिक प्रतिष्ठा सामान्यत: समान होती है।

**70. अस्पतालों के लिए प्रतिदिन प्रति व्यक्ति पानी की आवश्यकता होती है-**

(a) 100-150 लीटर (b) 150-200 लीटर
(c) 200-250 लीटर (d) 250-300 लीटर

**उत्तर—(*)**

निर्धारित मानक के अनुसार, 100 से कम बेड वाले अस्पतालों के लिए प्रतिदिन प्रति व्यक्ति (लांड्री सहित) 340 लीटर, जबकि 100 से अधिक बेड वाले अस्पतालों के लिए 450 लीटर पानी की आवश्यकता होती है।

**71. जूं द्वारा नहीं फैलने वाली बीमारी-**

(a) इपिडेमिक टाइफस (b) क्यू फीवर
(c) रिलैप्सिंग फीवर (d) ट्रेंच फीवर

**उत्तर—(b)**

इंसानों में क्यू फीवर जानवरों (जैसे -भेड़, बकरी) से फैलता है। तथा यह कॉक्सिएला बर्नेटी (Coxiella burnetii) नामक जीवाणु द्वारा होता है। मानव में इसका संक्रमण प्रभावित पशुओं की दूषित धूल के सांस में जाने के कारण होता है, जबकि इपिडेमिक टाइफस, रिलैप्सिंग फीवर तथा ट्रेंच फीवर जूं द्वारा फैलने वाली बीमारी है।

**72. गंदा पानी जिसमें कठोर एवं अर्द्ध-घुलनशील मल हो कहलाता है-**

(a) सीवेज (b) सुलेज

(c) कचरा (d) सूखा कचरा

**उत्तर—(a)**

आवासों, गलियों, कारखानों एवं उद्योगों से प्रवाहित गंदा पानी जिसमें कठोर एवं अर्द्ध-घुलनशील मल (Solid and Liquid Excreta) होता है, सीवेज (Sewage) कहलाता है। समुचित प्रबंधन न होने पर यह जल तथा मृदा को प्रदूषित करता है तथा मक्खियों की वृद्धि में सहायक होता है। इससे भोजन के संदूषण का खतरा होता है तथा पेट संबंधी बीमारियों में वृद्धि होती है।

**73. ध्वनि प्रदूषण से स्वास्थ्य के प्रतिकूल प्रभावों में निम्न में से कौन-सा नहीं है?**

(a) बहरापन (b) एकाग्रता में कमी

(c) रक्तचाप में वृद्धि (d) अत्यधिक निद्रा

**उत्तर—(d)**

ध्वनि प्रदूषण के कारण रक्तचाप में वृद्धि, उत्तेजना,एकाग्रता में कमी, बहरापन, हृदय रोग, मानसिक तनाव, निद्रा में कमी तथा अल्सर जैसे रोग होते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार, निद्रावस्था में आस-पास के वातावरण में 35 डेसीबल और दिन का शोर 45 डेसीबल से अधिक नहीं होना चाहिए।

**74. 'अम्ल वर्षा' से आप क्या समझते हैं?**

(a) वर्षा के जल की pH का 7.0 से कम हो जाना।

(b) वर्षा के जल की pH का 5.6 से कम हो जाना।

(c) आकाश से हाइड्रोक्लोरिक अम्ल की वर्षा होना।

(d) आकाश से सल्फ्यूरिक अम्ल की वर्षा होना।

**उत्तर—(*)**

ऐसी वर्षा जिसक pH मान प्रायः 5.6 से कम होता है; अम्ल वर्षा है। अम्ल वर्षा का pH मान सामान्यतः 4.2 से 4.4 होता है। उद्योगों एवं यातायात के उपकरणों से निस्सृत कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$), नाइट्रस ऑक्साइड ($N_2O$) तथा सल्फर डाइऑक्साइड ($SO_2$) जैसी गैस वायुमंडल में स्थित जलवाष्प से प्रतिक्रिया करके सल्फ्यूरिक तथा नाइट्रिक अम्ल बनाती है और ओस या वर्षा की बूंदों के रूप में पृथ्वी पर गिरने लगती है, यही अम्ल वर्षा कहलाती है।

**75. वह मच्छर जो पानी के अप्राकृतिक संग्रहों में अधिकतर पैदा होता है-**

(a) एनोफिलीज (b) क्यूलेक्स

(c) एडीज (d) मानसोनाइड्स

**उत्तर—(c)**

एडीज मच्छर की कुछ प्रजातियां, जैसे- एडीज एल्बोपिक्टस (Aedes albopictus) पानी के अप्राकृतिक संग्रहों में अधिकतर पैदा होते हैं। एडीज एल्बोपिक्टस को 'टाइगर मच्छर' के नाम से भी जाना जाता है, जो पीत ज्वर, डेंगू ज्वर तथा चिकनगुनिया जैसे रोगों के कारक विषाणु का वाहक होता है।

**76. पानी का क्लोरीनीकरण करते समय एक ऐसा बिंदु होता है, जबकि पानी की क्लोरीन की आवश्यकता पूरी हो जाती है। ऐसे बिंदु को कहते हैं-**

(a) ब्रेक पॉइंट क्लोरीनेशन (b) सुपर क्लोरीनेशन

(c) कांटेक्ट पीरिएड (d) क्लोरीन की आवश्यकता

**उत्तर—(a)**

पानी का क्लोरीनीकरण (Chlorination of Water) पेयजल के शुद्धिकरण की एक प्रक्रिया है। इसका प्रयोग पानी में उपस्थित जीवाणुओं को नष्ट करने के लिए किया जाता है। पानी का क्लोरीनीकरण करते समय एक ऐसा बिंदु होता है, जब पानी की क्लोरीन की आवश्यकता पूरी हो जाती है, ऐसे बिंदु को ब्रेक प्वॉइंट (Break Point) कहते हैं।

**77. मलमूत्र के उचित निपटारा न करने से निम्न विधियों द्वारा बीमारी फैलती है, एक को छोड़कर -**

(a) दूषित जल (b) दूषित खाद्य पदार्थ

(c) दूषित मिट्टी (d) दूषित हवा

**उत्तर—(d)**

मानव मलमूत्र बीमारियों के संक्रमण का एक स्रोत है। यदि इसका उचित निपटारा न किया जाए तो मानव स्वास्थ्य को विभिन्न प्रकार का खतरा उत्पन्न हो सकता है, जो दूषित जल, दूषित खाद्य पदार्थ तथा दूषित मिट्टी के माध्यम से फैलता है।

**78. निम्न की पानी में अधिकता से त्वचा का पिगमेंटेशन, मेलानोसिस एवं बहुत ज्यादा केरेटोसिस हो जाता है-**

(a) फ्लोरीन (b) कैल्शियम

(c) आर्सेनिक (d) आयोडीन

**उत्तर—(c)**

पेयजल (Drinking Water) के रूप में आर्सेनिक (Arsenic) से संक्रमित जल के अधिक प्रयोग से त्वचा कैंसर, होने का खतरा रहता है तथा इससे फेफड़े, यकृत तथा रक्त प्रणाली प्रभावित होते हैं। इससे त्वचा संबंधी रोगों में त्वचा का पिगमेंटेशन, मेलानोसिस एवं बहुत ज्यादा केरेटोसिस हो जाता है।

**79. निम्न गैर-सरकारी संस्थान ने 'भुगतान एवं उपयोग करें' शौचालयों का निर्माण एवं रख-रखाव, अस्थायी आबादी या बस स्टैण्ड, बाजार एवं पार्क जैसे स्थानों के लिए किया है-**

(a) सौरभ इंटरनेशनल (b) सुलभ इंटरनेशनल

(c) सुरभि इंटरनेशनल (d) उपरोक्त कोई भी नहीं

**उत्तर—(b)**

सुलभ इंटरनेशनल नामक गैर-सरकारी संस्थान की स्थापना डॉ. विन्देश्वरी पाठक ने किया है। सुलभ इंटरनेशनल ने 'भुगतान एवं उपयोग करें' शौचालय का निर्माण एवं रख-रखाव, अस्थायी आबादी या बस स्टैण्ड, बाजार एवं पार्क जैसे स्थानों के लिए किया है।

**80. निम्न में से कौन-सा इनपुट डिवाइस नहीं है?**

(a) प्रिंटर (b) माउस

(c) की-बोर्ड (d) माइक्रोफोन

**उत्तर—(a)**

इनपुट डिवाइस (Input Device) वे डिवाइस होते हैं, जिनके द्वारा हम अपने डाटा या निर्देशों को कंप्यूटर में इनपुट करा सकते हैं। अतः माउस, की-बोर्ड, माइक्रोफोन इनपुट डिवाइस हैं, जबकि प्रिंटर आउटपुट डिवाइस है।

**81. आर.ए.एम. का विस्तृत रूप क्या है?**

(a) रीड ऐक्सेस मेमोरी (b) रैंडम एक्टिव मेमोरी

(c) रीड एक्टिव मेमोरी (d) रैंडम एक्सेस मेमोरी

**उत्तर—(d)**

आर.ए.एम. (RAM) का विस्तृत रूप रैंडम एक्सेस मेमोरी (Random Access Memory) है।

**82. मांसपेशी समन्वय कम होता है, निम्न के नुकसान होने से-**

(a) हाइपोथैलेमस (b) प्रमस्तिष्क

(c) मध्यमस्तिष्क (d) सेरिबेलम

**उत्तर—(d)**

सेरिबेलम (Cerebellum) प्रमस्तिष्क (Cerebrum) के बाद मस्तिष्क का दूसरा सबसे बड़ा भाग है। यह तितली की आकृति-सा दिखाई देता है। इसके क्षतिग्रस्त होने से मांसपेशी समन्वय (Muscle Coordination) तथा संतुलन की क्रिया बाधित होती है।

**83. निम्न में से कौन-सा कथन सत्य है?**

(a) अल्ना रेडियस से बड़ी है।

(b) रेडियस अल्ना से बड़ी होती है।

(c) रेडियस और अल्ना दोनों की लंबाई समान होती है।

(d) रेडियम ऊपरी भुजा की अस्थि है।

**उत्तर—(a)**

रेडियस (Radius) और अल्ना (Ulna) अग्रबाहु (Forearm) की दो परस्पर सटी हुई लंबी अस्थियां हैं, जो एक ओर कलाई (Wrist) से तथा दूसरी ओर कोहनी (Elbow) से जुड़ी होती हैं। इनमें अल्ना रेडियस से थोड़ी बड़ी होती है।

**84. किसी रक्तवाहिका दीवार के कमजोर हिस्से में उभार आने पर एक थैली-सा बन जाता है, उसे क्या कहते हैं?**

(a) एथिरोस्कलेरोसिस

(b) एन्यूरिज्म

(c) एनास्टोमोसिस

(d) आर्टिरियोस्केलेरोसिस

**उत्तर—(b)**

किसी रक्तवाहिका दीवार (Arterial Wall) के कमजोर हिस्से में उभार आने पर एक थैली (Sac) सा बन जाना एन्यूरिज्म (Aneurysm) कहलाता है। यह आर्टिरियोस्केलेरोसिस के कारण अथवा जन्मजात होता है। रक्तवाहिका का सख्त होना (Hardening of Arteries) आर्टिरियोस्केलेरोसिस (Arteriosclerosis) कहलाता है। इससे रक्तवाहिका का लचीलापन खत्म हो जाता है तथा उसकी दीवार कमजोर होने लगती है।

**85. मस्तिष्क के किस भाग से सेरिब्रोस्पाइनल द्रव का स्रावण होता है?**

(a) मस्तिष्क के कोरोयड प्लेक्ससे से

(b) मस्तिष्क के वीनस साइनस से

(c) सबएरेक्नायड स्पेस से

(d) उपर्युक्त कोई नहीं

**उत्तर—(a)**

सेरिब्रोस्पाइनल द्रव (Cerebrospinal Fluid) एक रंगहीन द्रव होता है, जो प्रायः मस्तिष्क (Brain) तथा मेरुदंड (Spinal Cord) में पाया जाता है। यह मस्तिष्क के कोरोयड प्लेक्सेस (Choroid Plexus) से स्रावित होता है तथा इसके प्रतिरक्षात्मक सुरक्षा में सहयोग प्रदान करता है।

**86. इनमें से सभी रक्त में पाए जाने वाले प्लाज्मा प्रोटीन हैं, एक को छोड़कर -**

(a) ऐल्बूमिन (b) ग्लोब्यूलिन

(c) मायोसिन (d) फाइब्रिनोजन

**उत्तर—(c)**

ऐल्बूमिन, ग्लोब्यूलिन तथा फाइब्रिनोजन रक्त में पाए जाने वाले प्लाज्मा प्रोटीन हैं। जबकि मायोसिन मांसपेशियों में पाया जाने वाला प्रोटीन है।

**87. निम्न से से सभी हड्डियां हाथ में पाई जाती हैं, एक को छोड़कर-**

(a) कारपल हड्डियां (b) मेटाकारपल्स

(c) कैलकेनियम (d) फैलेन्जेस

**उत्तर—(c)**

हथेली की हड्डियों को तीन श्रेणियों में विभाजित किया जाता है-
(1) कारपल हड्डियां - आठ अनियमित आकार की हड्डियों का समूह है, ये कलाई क्षेत्र में होती हैं।
(2) मेटाकारपल्स - इनकी संख्या पांच होती है।
(3) फैलेन्जेस - अंगुलियों की हड्डियां जिनमें फैलेन्जेस की संख्या प्रत्येक अंगुली में तीन है, जबकि अंगूठे में दो है। कैलकेनियम पैर के हिस्से की (एड़ी की) हड्डी है।

**88. जब उत्तल सतह, अवतल सतह से फिट हो जाए, तो यह कहलाती है-**
(a) प्लेन (b) सैडल
(c) हिंज (d) बाल एवं सॉकेट

**उत्तर—(c)**

जब किसी अस्थि का उत्तल सतह (Convex Surface) दूसरी अस्थि के अवतल सतह (Concave Surface) से फिट हो जाए, तो इस प्रकार के जोड़ को हिंज जोड़ (Hinge Joint) कहते हैं। ऐसा जोड़ प्रायः कोहनी (Elbow), टखना (Ankle) तथा अंगुलियों के पोरों के मध्य देखने को मिलता है।

**89. मानव रक्त का पी.एच. होता है-**
(a) 5.4 (b) 6.4
(c) 7.4 (d) 8.4

**उत्तर—(c)**

मानव रक्त का सामान्य pH स्तर 7.35 से 7.45 के मध्य होता है। एसिडोसिस एवं अल्कालोसिस (Acidosis and Alcalosis) से पीड़ित रोगियों का pH स्तर इस सीमा से बाहर होता है।

**90. एरोबिक श्वसन ....... द्वारा किया जाता है।**
(a) ग्लाइओक्सिजोम (b) राइबोसोम्स
(c) लाइसोसोम्स (d) माइटोकांड्रिया

**उत्तर—(d)**

वायवीय श्वसन (Aerobic Respiration) वह श्वसन है, जिसमें ऑक्सीजन प्रयोग होती है। वायवीय श्वसन पौधों के साथ जंतुओं में भी होता है। कोशिका में वायवीय श्वसन का महत्वपूर्ण भाग माइट्रोकांड्रिया में संपन्न होता है।

**91. इनमें से कौन-सा एक कार्य यकृत का है?**
(a) कार्बोहाइड्रेट का इलिमिनेशन
(b) पित्तरस का गाढ़ा करना
(c) प्लाज्मा प्रोटीन का सिन्थेसिस
(d) कोलिसिस्टोकाइनिन का स्राव करना

**उत्तर—(c)**

यृकत को 'जिगर' भी कहते हैं। यह हमारे शरीर में महत्वपूर्ण अंग है, जो शरीर के कार्य-कलापों को सुचारु रूप में जारी रखने में पूरा सहयोग देता है। इसके अलावा यकृत कोशिकाओं में रुधिर प्लाज्मा की अधिकांश प्रोटीन का संश्लेषण करती है, जिसमें एल्बूमिन, ग्लोब्यूलिन्स, प्रोथ्रॉम्बिन तथा फाइब्रिनोजन प्रमुख हैं।

**92. अग्नाशयी रस का स्रावण निम्नलिखित में से किसके द्वारा प्रेरित होता है?**
(a) इन्टरोकाइनेज (b) कोलेसिस्टोकाइनिन
(c) ट्रिप्सिनोजेन (d) सिक्रेटिन

**उत्तर—(b)**

कोलेसिस्टोकाइनिन [Cholecystokinin - CCK)] को पैंक्रिओजाइमिन भी कहा जाता है। यह हॉर्मोन अग्न्याशयी रस के स्रावण को प्रेरित करता है, जिसके फलस्वरूप अग्न्याशयी रस ग्रहणी में मुक्त होने लगता है।

**93. वह ग्रंथि जो वयस्क अवस्था में गायब हो जाती है, परंतु बच्चों में क्रियाशील रहती है-**
(a) हाईपोथैलेमस (b) पैराथाएरॉयड
(c) एड्रीनल कार्टेक्स (d) थाइमस

**उत्तर—(d)**

थाइमस ग्रंथि वयस्क अवस्था में गायब हो जाती है, परंतु बच्चों में क्रियाशील रहती है। मानव शरीर में थाइमस ग्रंथि गर्दन के निचले भाग और सीने के ऊपरी भाग में स्थित होती है। थाइमस ग्रंथि, थाइमस हॉर्मोन स्रावित करती है, जो शरीर के प्रतिरक्षक तंत्र के विकास में भूमिका अदा करती है।

**94. मनुष्य शरीर में केवल ऐसी ग्रंथि है, जिसमें दोनों अंतःस्रावी तथा बाह्यस्रावी गुण पाए जाते हैं-**
(a) यकृत (b) हाइपोफाइसियल एक्सिस
(c) अण्डाशय (d) अग्न्याशय

**उत्तर—(d)**

मनुष्य शरीर में तीन प्रकार की ग्रंथियां पाई जाती हैं। (i) बाह्य स्रावी ग्रंथियां, (ii) अन्तः स्रावी ग्रंथियां (iii) मिश्रित ग्रंथियां मनुष्य शरीर में अग्नयाशय केवल ऐसी ग्रंथि है, जिसमें अंतः स्रावी तथा बाह्य स्रावी गुण पाए जाते हैं।

**95. सिस्टोलिक व डायस्टोलिक रक्तचाप के अंतर को कहते हैं-**
(a) रक्तचाप (b) पल्स प्रेशर
(c) एपिकल प्रेशर (d) लेटरल प्रेशर

**उत्तर—(b)**

सिस्टोलिक व डायस्टोलिक रक्तचाप के अंतर को पल्स प्रेशर (Pulse Pressure) कहते हैं। रक्त दबाव वह दबाव होता है, जो रक्त के बहाव के दौरान रक्त वाहिनियों की दीवार पर पड़ता है। सिस्टोलिक दबाव हृदय के ऊपर वाला अत्यधिक दबाव तथा डायस्टोलिक दबाव न्यूनतम दबाव होता है जो हृदय के ऊपर वाल्ब खुलने पर पड़ता है। सामान्य तौर पर सिस्टोलिक दबाव 120 तथा डायस्टोलिक दबाव 80 होता है। रक्त दबाव नापने के लिए स्फिग्नोमैनोमीटर का प्रयोग किया जाता है।

**96. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :**

| सूची -I | सूची -II |
|---|---|
| A. स्ट्रेटम ल्यूसिडम | 1. त्वचा क्षेत्र जहां तेजी से कोशिका विभाजन होता है |
| B. स्ट्रेटम कोर्नियम | 2. त्वचा के डर्मिस परत के गहरे क्षेत्र |
| C. स्ट्रेटम बसेल | 3. मृत कोशिकाओं की परत |
| D. रेटिक्यूलर परत डर्मिस की | 4. पारगमन कोशिकाएं जिसमें केराटिन हो |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (b) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (c) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (d) | 2 | 4 | 3 | 1 |

**उत्तर—(c)**

सही सुमेलित है-

| सूची -I | सूची -II |
|---|---|
| स्ट्रेटम ल्यूसिडम | पारगमन कोशिकाएं जिसमें केराटिन हो |
| स्ट्रेटम कोर्नियम | मृत कोशिकाओं की परत |
| स्ट्रेटम बसेल | त्वचा क्षेत्र जहां तेजी से कोशिका विभाजन होता है |
| रेटिक्यूलर परत डर्मिस की | त्वचा के डर्मिस परत के गहरे क्षेत्र |

**97. इपिडेमिक ड्राप्सी की वजह है-**

(a) सैन्गुनरिन (b) बी.ओ.ए.ए.
(c) दवा जनित (d) इरगॉट

**उत्तर—(a)**

इपिडेमिक ड्रॉप्सी की वजह सैन्गुनरिन है। इपिडेमिक ड्रॉप्सी रोग अर्जिमोन मैक्सिकाना बीज के तेल को खाद्य तेलों के रूप में उपयोग करने से उत्पन्न होती है। सत्यानाशी (Argemone) में सैन्गुनरिन और डाइहाइड्रोसैन्गुनरिन दो प्रमुख विषाक्त अल्कलॉइड हैं, जो बहुत ही जहरीले रासायनिक पदार्थ हैं। इसके प्रयोग से मोतियाबिंद, हृदय गति रुकना आदि रोग हो जाते हैं।

**98. निम्नलिखित विटामिन में से किसमें कोबाल्ट पाया जाता है?**

(a) विटामिन ए (b) विटामिन बी$_1$
(c) विटामिन बी$_6$ (d) विटामिन बी$_{12}$

**उत्तर—(d)**

विटामिन '$B_{12}$' को सायनोकोबालामिन (Cyanocobalamin) भी कहते हैं, जिसमें कोबाल्ट एक महत्वपूर्ण घटक है। यह विटामिन वृद्धि के लिए आवश्यक होता है। इसकी कमी से तंत्रिका तंत्र की कार्यिकी गड़बड़ हो जाती है तथा घातक रुधिरक्षीणता (Pernicius anaemia) का खतरा बढ़ जाता है। मांस, मछली, दूध आदि इसके महत्वपूर्ण स्रोत हैं। आंत के जीवाणु भी इसका संश्लेषण करते हैं।

**99. मानव के दूध में प्रोटीन की मात्रा होती है-**

(a) 1.1 ग्रा. प्रति 100 मि.ली.
(b) 2.1 ग्रा. प्रति 100 मि.ली.
(c) 3.1 ग्रा. प्रति 100 मि.ली.
(d) 4.1 ग्रा. प्रति 100 मि.ली.

**उत्तर—(a)**

दूध वह पौष्टिक पदार्थ है, जो मानव शरीर के लिए न सिर्फ जरूरी है, बल्कि उसे बीमारी से बचाए रखता है। इसमें कैल्शियम व प्रोटीन भरपूर मात्रा में होता है। मानव के दूध में प्रति 100 मिली. में 60-75 किलो कैलोरी ऊर्जा होती है। जबकि 2.6 ग्राम वसा एवं 1.1 ग्राम प्रोटीन पाया जाता है।

**100. इंसुलिन लगाने का उचित मार्ग निम्न में से कौन-सा है?**

(a) इन्ट्रामसकुलर (b) इंट्राडर्मल
(c) चमड़े के नीचे (d) अंतःशिरा

**उत्तर—(c)**

इंसुलिन लगाने का उचित मार्ग चमड़े के नीचे है। भारत में मधुमेह के रोगियों की संख्या दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। ऐसे लाखों डायबिटीज के मरीज हैं, जिन्हें अपने blood Sugar को नियंत्रण रखने के लिए इंसुलिन के इंजेक्शन का सहारा लेना पड़ता है। इंजेक्शन ऐसी जगह लेना चाहिए जहां पर चर्बी मौजूद हो। इंसुलिन का इंजेक्शन चमड़ी के नीचे Fat layer में देना होता है। सामान्यतः इंसुलिन के इंजेक्शन देने के लिए 26G नंबर की सुई का इस्तेमाल करना चाहिए।

**101. मास्लो के मानव जरूरत पदानुक्रम के अनुसार, उच्चतम स्तर की जरूरत है-**

(a) शारीरिक जरूरत (b) बचाव और सुरक्षा

(c) लगाव एवं स्नेह (d) आत्म यथार्थिकरण

उत्तर—(d)

मास्लो के मानव जरूरत पदानुक्रम के अनुसार, आत्म यथार्थिकरण उच्चतम स्तर की जरूरत है। मास्लो ने मानव आवश्यकताओं के कई स्तर बताए हैं, जो निम्नलिखित हैं- दैनिक आवश्यकताएं, सुरक्षा की आवश्यकताएं, संवर्धन एवं प्रेम की आवश्यकताएं, आत्मसम्मान की आवश्यकताएं, आत्मसात आवश्यकताएं एवं भावतीत आवश्यकताएं। उन्होंने कहा कि मानव का अभिप्रेरण इसी क्रम में गति करता है। अर्थात मूलभूत आवश्यकताओं के पूरा होने पर ही उच्चस्तरीय आवश्यकताएं जन्म लेती हैं।

**102. एक जले हुए रोगी के लिए नर्स को आरंभिक चरण में निम्नलिखित में से आकलन करना चाहिए-**

(a) पोटैशियम की अधिकता

(b) सोडियम की कमी

(c) सोडियम की अधिकता

(d) मेटाबॉलिक एल्केलोसिस

उत्तर—(b)

एक जले हुए रोगी के लिए नर्स को आरंभिक चरण में सोडियम की कमी का आकलन करना चाहिए। जलने के शिकार हुए व्यक्ति को रिहाइड्रेट करना बहुत आवश्यक है। तरल की हानि को रोकें और आई.वी. (I.V.) सलूशन से शरीर में हुई तरल की हानि की पूर्ति करें। सोडियम तथा पोटैशियम आयन जलने की स्थिति में राहत पहुंचाते हैं। अतः ऐसे संकट की स्थिति में 0.9 प्रतिशत सोडियम क्लोराइड का तथा 5.0 प्रतिशत ग्लूकोज का घोल शिराओं से रोगी के रक्त में चढ़ाया जाता है।

**103. इंट्राडर्मल इंजेक्शन कितने कोण पर दिया जाता है?**

(a) 15° कोण (b) 30° कोण

(c) 45° कोण (d) 90° कोण

उत्तर—(a)

इंट्राडर्मल इंजेक्शन 10°-15° के कोण पर दिया जाता है। इंजेक्शन लगाने की कई विधियां हैं, जैसे- इंट्राडर्मल (Intradermal) 10-15° कोण में लगाया जाता है। इंट्रामस्कुलर (Intramuscular) 90° के कोण में लगाया जाता है। सबक्यूटैनिअस (Subcutaneous) 45° के कोण में लगाया जाता है एवं इंट्रावेनश (Intravenous) 25° के कोण में लगाया जाता है।

**104. इनमें से कौन-सा बॉडी बिल्डिंग फूड नहीं है?**

(a) मीट (b) दालें और शिंब

(c) फल (d) अंडा

उत्तर—(c)

फल बॉडी बिल्डिंग फूड नहीं है। फल हमारे स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद और जरूरी हैं। फलों में काफी मात्रा में विटामिन व खनिज पदार्थ आदि पदार्थ पाए जाते हैं, जो सामान्य बीमारियों के साथ-साथ कैंसर, हार्ट-अटैक, सूजन जैसी कई गंभीर बीमारियों को रोकने में मददगार साबित होता है।

**105. मानव विकास सूचकांक के आधार पर अधिक एच.डी.आई. वाले देशों को वर्गित किया जाता है-**

(a) विकासशील (b) विकसित

(c) सबसे कम विकसित (d) अविकसित

उत्तर—(b)

मानव विकास सूचकांक के आधार पर अधिक एच.डी.आई. वाले देशों को विकसित देशों में वर्गित किया जाता है। मानव विकास को मानव सूचकांक (Human Development Index - HDI) के रूप में मापा जाता है। इसे मानव विकास की आधारभूत उपलब्धियों पर निर्धारित एक साधारण समिश्र सूचक के रूप में माना जाता है और विभिन्न देशों द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा तथा संसाधनों तक पहुंच के क्षेत्र में की गई उन्नति के आधार पर उन्हें श्रेणी प्रदान करता है। यह श्रेणी 0 से 1 के बीच के स्कोर पर आधारित होता है। इसे संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) द्वारा प्रकाशित किया जाता है, जिसकी स्थापना वर्ष 1965 में हुई थी। UNDP का मुख्यालय न्यूयॉर्क में है।

**106. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :**

| सूची -I | सूची -II |
|---|---|
| A. रेटिनाल | 1. पेलेग्रा |
| B. टोकोफेराल | 2. कई जगह रक्त निकलने की प्रक्रिया |
| C. नियासिन | 3. मांसपेशियों में कमजोरी |
| D. एस्कार्बिक अम्ल | 4. कैरेटोमलेसिया |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (c) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (d) | 2 | 3 | 4 | 1 |

उत्तर—(a)

सही सुमेलित हैं-

| सूची -I | सूची -II |
|---|---|
| रेटिनाल | कैरेटोमलेसिया |
| टोकोफेराल | मांसपेशियों में कमजोरी |
| नियासिन | पेलेग्रा |
| एस्कार्बिक अम्ल | कई जगह रक्त निकलने की प्रक्रिया |

**107. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

**कथन (A) :** पोषण स्तर जानने के लिए बायोकेमिकल जांच पोषण संबंधी बीमारी को शुरुआत में जानने में उपयोगी होता है।

**कारण (R) :** लेबोरेटरी जांच द्वारा अप्रत्यक्ष स्थिति में बीमारी पकड़ी जा सकती है।

**कूट :**

(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।

(b) (A) सही है, पर (R) गलत है।

(c) (A) गलत है, पर (R) सही है।

(d) (A) और (R) दोनों सही नहीं हैं।

**उत्तर—(a)**

(A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R) , (A) का सही स्पष्टीकरण है।

**108. एक वयस्क भारी काम करने वाली गर्भवती महिला की अनुशंसित प्रतिदिन की ऊर्जा होती है-**

(a) 3200 कि. कैलोरी (b) 2900 कि. कैलारी

(c) 2500 कि. कैलोरी (d) 2100 कि. कैलारी

**उत्तर—(b)**

सामान्य महिला को प्रतिदिन 2100 कैलोरीज का आहार करना चाहिए। फूड एवं न्यूट्रीशन बोर्ड के अनुसार, गर्भवती महिला को आहार के माध्यम से 300 कैलोरीज अतिरिक्त मिलनी चाहिए। यानि सामान्य महिला की अपेक्षा गर्भवती महिला को 2400 कैलोरीज ऊर्जा की आवश्यकता होती है। मध्यवर्ग की गर्भिणी स्त्री के लिए, जो मध्यम श्रम का काम करती हो, के लिए एक दिन की ऊर्जा (2225 + 300) 2525 किलो कैलोरी होगी। किंतु एक वयस्क भारी काम करने वाली गर्भवती महिला की अनुशंसित प्रतिदिन की ऊर्जा 2900 किलोकैलोरी होती है।

**109. जब एक व्यक्ति पर सी.पी.आर. किया जाता है, तो छाती पर दबाव कितनी गहरी होगी?**

(a) $1\frac{1}{2}$ इंच (b) 2 इंच

(c) $2\frac{1}{2}$ इंच (d) 3 इंच

**उत्तर—(b)**

जब एक व्यक्ति पर सी.पी.आर. (Cardiopulmonary Resuscitation) किया जाता है, तो छाती पर दबाव 2.0 इंच गहरी होगी। शिशुओं के लिए लगभग 1.5 इंच की गहराई पर 100 से 120 संपीडन प्रति मिनट की दर से बच्चों के लिए लगभग 2.00 इंच और किशोरों के लिए 2.4 इंच से अधिक नहीं होना चाहिए।

**110. कुत्ते के काटने के बाद घाव को इससे साफ करना चाहिए-**

(a) हाइड्रोजन परऑक्साइड (b) टिंक्टर आयोडीन

(c) साबुन एवं पानी (d) क्लोरहेक्सिडीन

**उत्तर—(c)**

कुत्ते के काटने के बाद घाव को साबुन एवं पानी से साफ करना चाहिए। 10-15 मिनट तक नल की धार से धुलना चाहिए, जो भी साबुन मौजूद हो, उसका इस्तेमाल करना चाहिए। यदि काटी गई जगह से खून ज्यादा बह रहा हो, तो साबुन से धोने के बाद उस जगह को साफ कपड़े या तौलिए से तब तक दबाकर रखें, जब तक खून बंद न हो जाए।

**111. मिर्गी दौरे से पीड़ित व्यक्ति की देखभाल करते समय आप क्या करेंगे?**

(a) आस-पास जो भी चोट पहुंचाने वाली वस्तु है, उसे दूर करेंगे।

(b) कपड़े का गोला बनाकर पीड़ित के दांतों के बीच रखेंगे।

(c) व्यक्ति को पकड़कर रखेंगे जिससे वह हिले नहीं

(d) उपरोक्त सभी

**उत्तर—(d)**

मिर्गी दौरे से पीड़ित व्यक्ति की देखभाल करते समय निम्नलिखित उपाय करना चाहिए-

(1) आस-पास जो भी चोट पहुंचाने वाली वस्तुएं हैं, उनको रोगी से दूर कर देना चाहिए।

(2) रोगी के दांतों के बीच में किसी मुलायम तौलिए या कपड़े को रख देना चाहिए तथा रोगी ने जो कपड़े पहन रखे हों, उन्हें ढीला कर देना चाहिए।

(3) रोगी को जोर से पकड़कर रखना ठीक नहीं होता है।

(4) रोगी को पेट के बल लिटा देना चाहिए, इससे दौरे में यदि मरीज को उल्टी या मुंह से झाग निकलता है, तो वह सांस की नली में नहीं जा पाएगा।

**112. एक इसोफेगस्कोपी के बाद एक ग्राहक अपने कमरे में लौट आया है। तरल पदार्थ देने से पहले, नर्स को ग्राहक के मूल्यांकन को प्राथमिकता देनी चाहिए-**

(a) चैतन्य का स्तर (b) टी.पी. आर और बी.पी.

(c) मूत्र उत्पादन (d) गैग रिफ्लेक्स

**उत्तर—(b)**

एक इसोफेगस्कोपी के बाद एक ग्राहक अपने कमरे में लौट आया है। तरल पदार्थ देने से पहले, नर्स को ग्राहक की नाड़ी, तापमान रक्तचाप और सांस लेने की दर की जांच करना चाहिए। इसके बाद नर्स ग्राहक को पीने के लिए तरल पदार्थ एवं चिप्स देंगे।

**113. क्रोन की बीमारी के लिए एक रोगी के लिए, चिकित्सा सर्जिकल नर्स आहार की सलाह देती है-**

(a) फाइबर में उच्च और प्रोटीन एवं कैलोरी में कम

(b) पोटैशियम में उच्च

(c) फाइबर में कम और प्रोटीन एवं कैलौरी में उच्च

(d) पोटैशियम में कम

**उत्तर–(c)**

क्रोहन की बीमारी के लिए एक रोगी के लिए चिकित्सा सर्जिकल नर्स आहार में फाइबर में कम और प्रोटीन एवं कैलोरी में उच्च खाद्य पदार्थों की लेने की सलाह देती है। क्रोहन की बीमारी एक ऐसी बीमारी होती है, जो आमतौर पर छोटी आंत और सामान्यत: बृहदान्त्र को प्रभावित करती है। क्रोहन रोग के सबसे आम लक्षण पेट दर्द और दस्त हैं। बुखार और पेट की कोमलता सहित अक्सर सूजन के अन्य लक्षण मौजूद होते हैं।

**114. मॉर्फिन किस बीमारी में नहीं देनी चाहिए?**

(a) एन्जाइना (b) श्वसनी दमा

(c) अग्न्याशयकोप (d) मायोकार्डियल इन्फारक्शन

**उत्तर–(b)**

मार्फिन का इस्तेमाल मध्यम से गंभीर दर्द के लिए किया जाता है। मार्फिन श्वसनी दमा बीमारी में नहीं देना चाहिए। मार्फिन कैंसर का दर्द, दर्दनाशक, शल्य चिकित्सा, शल्यक पीड़ा शून्यता, पूर्व असंवेदनकारी, एनजाइना, अग्न्याशयकोप, मायोकार्डिकल इन्फारक्शन (MI) में प्रयोग की जाती है।

**115. टी.एन.एम. वर्गीकरण प्रणाली का इस्तेमाल किसकी क्लीनिकल स्टेजिंग में होता है?**

(a) पेन (b) डिप्रेशन

(c) कैंसर (d) मोटापा

**उत्तर–(c)**

टी.एन.एम. वर्गीकरण प्रणाली का इस्तेमाल कैंसर के क्लीनिकल स्टेजिंग में होता है। T.N.M. का पूर्ण रूप Tumor - Node - Metastasis है। कैंसर नियंत्रण के लिए समय-समय पर अमेरिकी संयुक्त समिति (AJCC) और अंतरराष्ट्रीय संघ (UICC) टी.एन.एम. कैंसर स्टेजिंग सिस्टम को अपडेट करती है।

**116. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :**

| सूची -I | सूची -II |
|---|---|
| **A. मूत्र प्रणाली में रुकावट** | **1. लेजर लिथोट्रिप्सी** |
| **B. गुर्दे की पथरी का इलाज** | **2. इलीयल कांड्यूट** |
| **C. पेशाब न रोक पाना** | **3. हाइड्रोनेफ्रोसिस** |
| **D. मूत्र के बहाव का रास्ता बदलने का** तरीका | **4. केगल एक्सरसाइज** |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

**उत्तर–(d)**

सही सुमेलित है-

| सूची -I | सूची -II |
|---|---|
| मूत्र प्रणाली में रुकावट | - हाइड्रोनेफ्रोसिस |
| गुर्दे की पथरी का इलाज | - लेजर लिथोट्रिप्सी |
| पेशाब न रोक पाने का इलाज | - केगल एक्सरसाइज |
| मूत्र के बहाव का रास्ता बदलने का तरीका | - इलीयल कांड्यूट |

**117. हाइपोनेट्रेमिया वाले मरीज की देखभाल करते समय महत्वपूर्ण नर्सिंग हस्तक्षेप में शामिल है -**

(a) द्रव प्रतिबंध

(b) आइसोटोनिक सेलाइन प्रदान करें

(c) चिकित्सक द्वारा आदेश के अनुसार पोटैशियम देना

(d) एन.जी. फीड प्रदान करें

**उत्तर–(b)**

हाइपोनेट्रेमिया वाले मरीज की देखभाल करते समय महत्वपूर्ण नर्सिंग हस्तक्षेप में आइसोटोनिक सेलाइन (Isotonic Saline) प्रदान करना शामिल है। एक वयस्क के शरीर में लगभग 135-148 मिली. मोल सोडियम होना चाहिए। यह मात्रा घटकर 118 के निम्न स्तर पर आ जाए, तो इसे हाइपोनेट्रीमिया (Hyponatremia) कहते हैं। हाइपोनेट्रीमिया रक्त में सोडियम का असामान्य रूप से कम स्तर है, जो डिहाइड्रेशन के साथ जुड़ा होता है।

**118. एचआईवी के ऊर्ध्वाधर संचरण के लिए जोखिम अधिक होता है-**

(a) पूर्वकाल अवधि (b) इंट्रानेटल अवधि

(c) प्रसव उपरांत अवधि (d) स्तनपान

**उत्तर–(b)**

एचआईवी के ऊर्ध्वाधर संचरण के लिए इंट्रानेटल अवधि में जोखिम अधिक होता है। एचआईवी निम्नलिखित के माध्यम से

फैलता है-
1. असुरक्षित संभोग
2. विसंक्रमित न की गई सुइयां, सिरिंजें और शरीर में चुभोने/घुसाने की अन्य चीजें।
3. संक्रमित खून चढ़ाना या रक्त उत्पादों, ऊतकों या अंगों को स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में ट्रांसप्लांट करना।
4. गर्भाशय या जन्म के समय मां द्वारा बच्चे को संचरण।

**119. एनाफिलेक्टीक शॉक का माध्यम है-**
(a) हिस्टामाइन (b) साइटोकिंस
(c) डोपामाइन (d) एड्रेनालिन

**उत्तर—(a)**

तीव्रग्राहिता संबंधी आघात या एनाफिलेक्टीक शॉक (Anaphylactic Shock) का माध्यम हिस्टामिन (Histamine) है। प्राकृतिक रूप से शरीर में एड्रेनलिन हॉर्मोन उच्च तनाव या रोमांचक स्थितियों के दौरान अधिवृक्क ग्रंथियों द्वारा निर्मित होता है। यह शक्तिशाली हॉर्मोन मानव शरीर की तीव्र तनाव प्रतिक्रिया या तीव्र एनाफाइलेक्सिस रिएक्सन में मुख्य दवा के रूप में प्रयुक्त होता है।

**120. न्यूरोलॉजिकल समस्याओं के निदान करने के लिए कौन-सा जांच नहीं किया जाता है?**
(a) ई.ई.जी. (b) ई.सी.जी.
(c) सी.टी. स्कैन (d) लंबर पंचर

**उत्तर—(b)**

न्यूरोलॉजिकल समस्याओं के निदान करने के लिए ई.सी.जी. जांच नहीं की जाती है। बल्कि ई.सी.जी. (Electrocardiogram) हृदय का एक परीक्षण है, जिसमें मशीन द्वारा हृदय के विद्युत क्रियाकलाप को दर्ज किया जाता है। ई.ई.जी., सी.टी. स्कैन व लंबर पंचर न्यूरोलॉजिकल समस्याओं के निदान से संबंधित चिकित्सीय प्रक्रम हैं।

**121. एक फ्रेक्चर (अस्थिभंग) जिसमें त्वचा में कोई ब्रेक (तोड़) न हो, कहलाता है-**
(a) ओपन फ्रेक्चर (b) क्लोज्ड फ्रेक्चर
(c) कम्पाउंड फ्रेक्चर (d) इम्पेक्टेड फ्रेक्चर

**उत्तर—(b)**

एक फ्रेक्चर (अस्थि भंग) जिसमें त्वचा में कोई ब्रेक (तोड़) न हो, क्लोज्ड फ्रेक्चर (बंद अस्थि भंग) कहलाता है। इसमें बाहर से किसी तरह का संक्रमण होने का खतरा नहीं होता है।

**122. निम्न में से किस अवस्था में इंट्राआक्यूलर प्रेशर बढ़ता है?**
(a) आंख आना (b) ग्लूकोमा
(c) मोतियाबिंद (d) रेटिनाइटिस

**उत्तर—(b)**

हमारी आंखों में ऑप्टिक नर्व (Optic Nerve) होती है, जो किसी भी वस्तु का चित्र दिमाग तक पहुंचाती है। ग्लूकोमा के दौरान हमारी आंखों पर अत्यधिक दबाव पड़ता है। लगातार बढ़ते दबाव के कारण हमारी ऑप्टिक नर्व नष्ट हो सकती है। इस दबाव को इंट्रा ऑक्यूलर प्रेशर कहते हैं। मोतियाबिंद (Calaract) को आमतौर पर बड़ी उम्र की बीमारी माना जाता है। इसमें आंख के लेंस बहुत ही अपारदर्शी हो जाते हैं, जिससे दिखाई देना बंद हो जाता है।

**123. काला पड़ गए व सड़ते हुए ऐसे ऊतक को, जिसमें रक्त का संचरण नहीं हो रहा है, कहलाता है -**
(a) कांट्रेक्शन (b) एट्रोफी
(c) गैंगरीन (d) इरीथिमा

**उत्तर—(c)**

काला पड़ गए व सड़ते हुए ऐसे ऊतक को जिसमें रक्त का संचरण नहीं हो रहा है, गैंगरीन (Gangrene) कहलाता है। गैंगरीन का अर्थ मृत ऊतक है। संक्रमण या रक्त के प्रवाह की कमी के कारण प्रभावित अंगों के ऊतक नष्ट होने लगते हैं। इससे प्रायः हाथों और पैरों की उंगलियों व अन्य अंगों की मांसपेशियां प्रभावित होती हैं। यह मुख्यतः दो प्रकार का होता है।
(i). Wet Gangrene
(ii). Dry Gangrene

**124. निम्नलिखित में से कौन-सा लक्षण लू (हीट स्ट्रोक) लगने पर नहीं पाया जाता?**
(a) 106° फा. शरीर तापक्रम (b) नब्ज तेज चलना
(c) गर्म एवं शुष्क चमड़ी (d) अत्यधिक पसीना आना

**उत्तर—(d)**

लगातार और लंबे समय तक अधिक गरमी और तेज धूप में रहने के कारण लगने वाली लू या तापघात अत्यंत गंभीर अवस्था है। इसमें शरीर से पसीना निकलना बंद हो जाता है, जिससे शरीर का तापमान नहीं घट पाता। सिर दर्द, चक्कर, थकावट, तेज बुखार, बेहोशी, दिल की धड़कन में तेजी और मतिभ्रम आदि लू लगने के लक्षण हैं।

**125. ट्रैकोमा किस अंग का संक्रमण है?**
(a) सर्विक्स (b) त्वचा
(c) श्वसन नली (d) आंख

**उत्तर—(d)**

ट्रैकोमा (Trachoma) आंख का संक्रमण है। यह Chlamydia trachomatis जीवाणु द्वारा होता है।

**126. सामान्यतया रीढ़ की हड्डी से पानी निकालना (लंबर पंचर) किस जगह पर किया जाता है?**

(a) $T_{12}-L_1$ (b) $L_1-L_2$

(c) $L_2-L_3$ (d) $L_3-L_4$

**उत्तर—(d)**

सामान्यतया रीढ़ की हड्डी से पानी निकालना (लंबर पंचर - Lumber Puncture) $L_3-L_4$ अथवा $L_4-L_5$ पर किया जाता है।

**127. तीव्र एनाफाइलेक्सिस रिएक्सन में मुख्य दवा दी जाती है-**

(a) एट्रोपीन (b) एमिनोफाइलीन

(c) डेरीफाइलीन (d) एड्रीनलिन

**उत्तर—(d)**

तीव्र एनाफाइलेक्सिस रिएक्सन में मुख्य दवा एड्रीनलिन (Adrenaline) दी जाती है।

**128. रोग जो भारत में नहीं पाया जाता है।**

(a) जर्मन मीजिल्स (b) जापानी इनसिफालाइटिस

(c) लेप्टोस्पाइरोसिस (d) पीत ज्वर

**उत्तर—(d)**

पीत ज्वर (Yellow Fever) भारत में नहीं पाया जाता है। पीत ज्वर संक्रमित मच्छरों से फैलने वाला एक गंभीर वायरल रक्तस्रावी रोग है। पीत ज्वर का विषाणु फ्लेविवायरस जीनस का एक अर्बोवायरस है और इसका प्राथमिक वाहक मच्छर है। यह रोग एंडीज एवं हिमोगोगस प्रजाति के मच्छर द्वारा फैलता है। यह वायरस अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के कटिबंधीय क्षेत्रों में अधिक पाया जाता है।

**129. सिस्टिक फाइब्रोसिस में पाचन तंत्र का कौन-सा अंग सम्मिलित होता है?**

(a) अग्न्याशय (b) छोटी आंत

(c) भोजन नली (d) आमाशय

**उत्तर—(*)**

सिस्टिक फाइब्रोसिस एक वंशानुगत रोग है। यह श्वसन तंत्र व पाचन तंत्र के कई भागों को प्रभावित करता है। यह सबसे अधिक फेफड़ों, अग्न्याशय, छोटी आंत को प्रभावित करता है।

**130. पेप्टिक अल्सर के लिए प्रमुख कारक जीव कौन-सा है?**

(a) एस्करिसिया कोलाई (b) स्ट्रेप्टोकोकाई

(c) हेलिकोबैक्टर पाइलोरी (d) स्टैफाइलोकोक्काई

**उत्तर—(c)**

पेप्टिक अल्सर के लिए प्रमुख कारक हेलिकोबैक्टर पाइलोरी (Helicobacter pylori) नामक जीवाणु होता है। पेप्टिक अल्सर एक पाचन तंत्र संबंधित बीमारी है। जब शरीर के पाचन मार्ग में अम्ल का निर्माण अत्यधिक मात्रा में होने लगता है, तो पेट और आंत में घाव पैदा होने लगता है। यदि यह अल्सर पेट में हो, तो इसे गैस्ट्रिक अल्सर कहा जाता है, यदि यह छोटी आंत के ऊपरी भाग में हो, तो इसे ड्यूडेनम अल्सर कहा जाता है।

**131. वर्टिब्रल स्तंभ के पार्श्व विचलन को जाना जाता है-**

(a) कायफोसिस (b) हारनियेशन

(c) आई.वी.डी.पी. (d) स्कोलिओसिस

**उत्तर—(d)**

स्कोलिओसिस (Scoliosis) रीढ़ की हड्डी के टेढ़ेपन अर्थात पार्श्विक वक्रता की बीमारी है, जिसमें व्यक्ति की संपूर्ण रीढ़ वक्राकार (Curved) हो जाती है और यह वक्रता 'C' या 'S' के आकार में हो सकती है। अत्यधिक वक्रता बढ़ जाने पर यह पीठ दर्द का कारण बन सकती है। यह स्थिति सभी उम्र वर्ग के लोगों में पैदा हो सकती है।

**132. नर्स मोनिका एक पुरुष ग्राहक की देखभाल कर रही है, जो वास्तविकता में कोई आधार नहीं के साथ गलत संवेदी धारण का अनुभव करते हैं, इस धारण को जाना जाता है-**

(a) डेलूशन (b) भ्रम

(c) मतिभ्रम (d) अवसाद

**उत्तर—(c)**

मतिभ्रम (Hallucination) की स्थिति प्रायः उन लोगों में पाई जाती है, जो सिजोफ्रेनिया (Schizophrenia) नामक मनोरोग से ग्रसित होते हैं। इसमें व्यक्ति कुछ ऐसे आवाजों, दृश्यों, गंध या स्वाद आदि का अनुभव करता है, जो वास्तविकता में नहीं होता है।

**133. प्रमुख मनोरोग आपात स्थितियां निम्नलिखित हैं, एक को छोड़कर -**

(a) बलात्कार (b) आपदा

(c) आत्महत्या (d) दुःख प्रतिक्रिया

**उत्तर—(*)**

दिए गए विकल्पों में आत्महत्या प्रमुख मनोरोग आपात स्थिति (Major Psychiatric Emergency) है जबकि बलात्कार, आपदा तथा दुःख प्रतिक्रिया निम्न मनोरोग आपात स्थितियां (Minor Psychiatric Emergencies) हैं।

**134. डिमेन्शिया का सबसे प्रमुख प्रकार है-**

(a) पिक्स बीमारी (b) पार्किंसंस बीमारी

(c) एलज्हाईमर्स बीमारी (d) टिक्स बीमारी

**उत्तर—(c)**

डिमेन्शिया (Dementia) का सबसे प्रमुख प्रकार एलज्हाईमर्स बीमारी है। लगभग 60-80 प्रतिशत लोगों में डिमेंशिया का कारण एलज्हाईमर्स बीमारी है। इसमें प्रभावित व्यक्तियों में नाम तथा तात्कालिक घटनाओं का विस्मरण हो जाता है।

**135. प्रस्थापन प्रजनन का सबसे अच्छा सूचक है-**

(a) सी.बी.आर. (क्रूड बर्थ रेट)

(b) टी.एफ.आर. (टोटल फर्टिलिटी रेट)

(c) एन.आर.आर. (नेट रिप्रोडक्शन रेट)

(d) जी.आर.आर. (ग्रॉस रिप्रोडक्शन रेट)

**उत्तर—(c)**

प्रस्थापन प्रजनन (Replacement Fertility) का सबसे अच्छा सूचक नेट रिप्रोडक्शन रेट (NRR) है। प्रस्थापन प्रजनन की अवस्था तब आती है, जब NRR का मान 1.0 होता है।

**136. पर्वतीय क्षेत्रों में एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कितनी जनसंख्या को सुविधा प्रदान करता है?**

(a) 20,000 (b) 25,000

(c) 30,000 (d) 40,000

**उत्तर—(a)**

राष्ट्रीय मानक के अनुसार, प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना लगभग 30,000 की जनसंख्या पर होती है। किंतु जनजातीय या पहाड़ी क्षेत्रों में इसकी स्थापना 20,000 की जनसंख्या पर होती है। ग्रामीण स्वास्थ्य आंकड़े (Rural Health Statistics), 2016 के अनुसार, हमारे देश में 31 मार्च, 2016 तक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की संख्या 25354 थी।

**137. प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर सभी टीकों को निम्न में संग्रहित किया जाता है-**

(a) आइसलाइंड रेफ्रीजेरेटर (b) डीप फ्रीजर

(c) वाक इन कोल्ड रूम (d) कोल्ड बॉक्स

**उत्तर—(a)**

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (PHC) पर यूनिवर्सल टीकाकरण कार्यक्रम से संबंधित सभी टीकों (Vaccines) को आइसलाइंड रेफ्रीजेरेटर (Ice Lined Refrigerator - ILR) में संग्रहित किया जाता है। ILR विभिन्न आकार के होते हैं तथा ये PHC के अलावा CHC तथा जिले स्तर पर भी टीकों को संग्रहित करने में उपयोगी होते हैं।

**138. भारतीय जनगणना के अनुसार, कौन-सा वर्ष 'ईयर ऑफ बिग डिवाइड' के नाम से जाना जाता है?**

(a) 1981 (b) 1951

(c) 1947 (d) 1921

**उत्तर—(d)**

भारतीय जनगणना के अनुसार, वर्ष 1921 को जनसंख्या का 'महान विभाजन वर्ष' कहा जाता है।


**139. निम्न में से कौन-सा महामारी विज्ञान त्रिय का घटक नहीं है?**

(a) कारक (b) होस्ट

(c) निगरानी (d) पर्यावरण

**उत्तर—(c)**

प्रश्नगत विकल्पों में निगरानी महामारी विज्ञान त्रिय (Epidemiologic Triangle) का घटक नहीं है। कारक (Agent) वे सूक्ष्म-जीव हैं, जिसके द्वारा बीमारी होती है। होस्ट वे जीव (Organism) हैं, जिसे बीमारी होती है। पर्यावरण (Environment) वह बाह्य घटक है, जहां बीमारी फैलती है तथा इसका प्रसार होता है। इसे निम्न रूप में दर्शाते हैं-




**140. 'जी ओ बी आई' अभियान किसके द्वारा प्रचारित है?**

(a) डब्ल्यू. एच.ओ. (b) एफ.ए.ओ.

(c) यूनिसेफ (d) यू.एन.डी.पी.

**उत्तर—(c)**

'जी ओ बी आई' बच्चों के स्वास्थ्य सुरक्षा से जुड़ा अभियान है, जो यूनिसेफ द्वारा प्रचारित है। जी का तात्पर्य Growth Monitoring तथा ओ का तात्पर्य Oral Rehydration है। बी का संबंध Breast - Feeding जबकि आई का संबंध Immunization है।

**141. राष्ट्रीय परिवार एवं स्वास्थ्य सर्वेक्षण-IV के अनुसार, भारत में शादीशुदा औरतों के लिए दंपति हिंसा होती है-**

(a) 28.8% (b) 37.2%

(c) 35.2% (d) 48.5%

**उत्तर—(a)**

वर्ष 2015-16 के लिए राष्ट्रीय परिवार एवं स्वास्थ्य सर्वेक्षण - IV (NFHS-4) केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 28 फरवरी, 2017 को जारी किया था। इसके अनुसार, भारत में शादीशुदा औरतों के लिए दंपति हिंसा 28.8% होती हैं। यह आंकड़ा ग्रामीण क्षेत्रों में 23.6% जबकि शहरी क्षेत्रों में 31.4% है। NFHS-3 के अनुसार, भारत में शादीशुदा औरतों के लिए दंपति हिंसा 37.2% होती थी।

**142. गर्भनिरोधक गोली देने पर स्वास्थ्य कार्यकर्ता एक को छोड़कर सभी को पूछेगा-**

(a) जीवित बच्चों की संख्या

(b) पैर की मांसपेशियों (काफ) में चुभन

(c) सिर में दर्द

(d) पैरों में सूजन

**उत्तर—(a)**

गर्भनिरोधक गोली देने पर स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा कुछ प्रश्न पूछे जाते हैं, जिनमें जीवित बच्चों की संख्या के बारे में प्रायः नहीं पूछा जाता है। पैरों की मांसपेशियों में चुभन, सिर में दर्द, पैरों में सूजन, पीलिया, उच्च रक्त चाप, स्तन कैंसर, मधुमेह, गठिया तथा अंतिम प्रसव का समय आदि से संबंधित प्रश्न सामान्यतः पूछे जाते हैं।

**143. निम्नलिखित में से सभी सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स के प्रबंधकीय कार्य हैं, एक को छोड़कर-**

(a) नर्सिंग एवं स्वास्थ्य कर्मियों के प्रशिक्षण में सहयोग करना

(b) योजना बनाना

(c) परिवेक्षण

(d) आकलन

**उत्तर—(c)**

प्रश्नगत विकल्पों में सामुदायिक स्वास्थ्य नर्स (Community Health Nurse-CHN) के प्रबंधकीय कार्यों में नर्सिंग एवं स्वास्थ्य कर्मियों के प्रशिक्षण में सहयोग करना, योजना बनाना तथा आकलन शामिल है। जबकि परिवेक्षण (Investigation) का कार्य एक CHN शोधकर्ता (Researcher) के रूप में करता है।

**144. सहयोगी पर्यवेक्षण सभी से जुड़ा हुआ है, केवल एक को छोड़कर -**

(a) मौके पर सुधार

(b) बी.सी.सी. एवं प्रेरण पर जोर

(c) दंड के लिए सूचना को एकत्रित करना

(d) सही व्यवहार के लिए मदद

**उत्तर—(c)**

सहयोगी पर्यवेक्षण (Supportive Supervision) कार्य व उसके संपादन में सहयोग से संबंधित है न कि दंड के लिए सूचना को एकत्रित करने से। दंड के सूचना को एकत्रित करना नियंत्रण पर्यवेक्षण (Controlling Supervision) से संबंधित है। अतः विकल्प (c) अभीष्ट उत्तर होगा।

**145. सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल के अनुसार, नवजात शिशु (नियोनेट) मृत्यु दर को कम करना है-**

(a) < 12 प्रति 1000 जीवित जन्म

(b) < 24 प्रति 1000 जीवित जन्म

(c) < 36 प्रति 1000 जीवित जन्म

(d) < 48 प्रति 1000 जीवित जन्म

**उत्तर—(a)**

25 सितंबर, 2015 को सतत विकास लक्ष्य स्वीकार किया गया। सतत विकास लक्ष्य संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा निर्धारित 17 वैश्विक लक्ष्यों का संग्रह है। इसके अनुसार वैश्विक स्तर पर वर्ष 2030 तक नवजात शिशु मृत्यु दर को कम करके 12 प्रति 1000 जीवित जन्म पर लाना है।

**146. ब्रिट्यू सूचकांक प्रायः किसके वाहक के घनत्व को मापने के लिए किया जाता है?**

(a) पीत ज्वर (b) डेंगू

(c) चिकनगुनिया (d) काला अजार

**उत्तर—(b)**

ब्रिट्यू सूचकांक प्रायः डेंगू वाहक के घनत्व को मापने के लिए किया जाता है।

**147. पिछले 50 वर्ष में मलेरिया की कमी दर्शाता है-**

(a) इपिडेमिक प्रवृत्ति (b) सेकुलर प्रवृत्ति

(c) ऋतु अनुसार प्रवृत्ति (d) नकली संबंध

**उत्तर—(b)**

लंबी अवधि के दौरान किसी घटना अथवा बीमारी के पैटर्न में बढ़ोत्तरी या गिरावट सेकुलर प्रवृत्ति (Secular Trend) दर्शाता है। इस दीर्घकालिक परिवर्तन की अवधि प्रायः वर्षों व दशकों में होती है।

**148. इनमें से कौन-सा इंजेक्शन द्वारा दिया जाने वाला गर्भनिरोधक नहीं है?**

(a) डीएमपीए (b) नेट-इन

(c) डीएमपीए- एससी (d) प्रोजेस्टासर्ट

**उत्तर—(d)**

डीएमपीए, नेट-इन तथा डीएमपीए- एससी इंजेक्शन द्वारा दिया जाने वाला गर्भनिरोधक है। इसमें डीएमपीए तथा डीएमपीए-एससी 3 माह पर, जबकि नेट-इन को 2 माह पर दिया जाता है। प्रोजेस्टासर्ट एक इंट्रा-यूटेरिन डिवाइस है, इसे इंजेक्शन द्वारा नहीं दिया जाता है।

**149. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए**

कूट से सही उत्तर चुनिए :

| सूची -I (संक्रामक रोग) | सूची -II (उद्भवन काल) |
|---|---|
| A. हैजा | 1. 2-7 दिन |
| B. गलाघोंटू | 2. 1-2 दिन |
| C. खसरा | 3. 14-18 दिन |
| D. गलसुआ | 4. 10-14 दिन |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

**उत्तर—(d)**

सही सुमेलित हैं-

| (संक्रामक रोग) | (उद्भवन काल) |
|---|---|
| हैजा | 1-2 दिन |
| गलाघोंटू | 2-7 दिन |
| खसरा | 10 - 14 दिन |
| गलसुआ | 14 - 18 दिन |

**150. प्रारंभिक गर्भावस्था बनाए रखता है-**

(a) प्लासेंटा (b) कारपस लूटियम

(c) वक्षस्थल (d) ग्रेफियन फॉलीकल्स

**उत्तर—(b)**

कार्पस लूटियम (Carpus Luteum) अंडाशय में स्थित एक अंत:स्रावी ग्रंथि है। यह स्त्रियों में मासिक चक्र को नियमित रखने तथा प्रारंभिक गर्भावस्था बनाए रखने के लिए उत्तरदायी होता है।

**151. गर्भावस्था के दौरान ए.एन.एम. को कम-से-कम कितनी ए.एन.सी. विजिट करना चाहिए?**

(a) 3 (b) 5

(c) 4 (d) 9

**उत्तर—(c)**

विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार, गर्भावस्था के दौरान ए.एन.एम. को कम-से-कम 4 ए.एन.सी. (Antenatal Care) विजिट करना चाहिए। पहला विजिट 16 सप्ताह पर, दूसरा विजिट 24-28 सप्ताह पर, तीसरा विजिट 32 सप्ताह पर तथा चौथा विजिट 36 सप्ताह पर करना चाहिए।

**152. गर्भावस्था में योनि के म्यूकोसा का नीला होना चिह्न है-**

(a) चैडविक चिह्न

(b) गुडेल्स चिह्न

(c) हेगर्स चिह्न

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर—(a)**

गर्भावस्था के दौरान योनिक श्लेष्मा के नीला या जामुनी रंग या मलिनीकरण (Discolouration) हो जाने को चैडविक का चिह्न (Chadwick's Sigh) कहते हैं। इसे प्राय: निषेचन के 6-8 सप्ताह बाद देखा जा सकता है तथा यह गर्भावस्था का प्रारंभिक सूचक होता है।

**153. कॉपर टी 380 ए के द्वारा कितने वर्ष तक गर्भनिरोध प्रभावी रहता है?**

(a) 3 वर्ष (b) 5 वर्ष

(c) 6 वर्ष (d) 10 वर्ष

**उत्तर—(d)**

कॉपर टी 380 ए अनवांछित गर्भनिरोधक का आसान तरीका है। इसके द्वारा सामान्यत: 10 वर्ष तक गर्भनिरोध प्रभावी रहता है।

**154. गर्भाशय के ग्रीवा का कैंसर को प्राथमिक रूप से रोकने के लिए निम्न उपाय हैं, एक को छोड़कर -**

(a) शादी की उम्र का ज्यादा होना।

(b) कंडोम का प्रयोग करना।

(c) यौनजनित रोगों का प्रभावी इलाज करना।

(d) रेडियोथेरैपी करवाना।

**उत्तर—(a)**

गर्भाशय के ग्रीवा का कैंसर (Cervical Cancer) को प्राथमिक रूप से रोकने के लिए अपनाए जाने वाले उपायों में कंडोम का प्रयोग, यौनजनित रोगों का प्रभावी इलाज तथा रेडियोथेरैपी करवाना शामिल है। जबकि शादी की उम्र का ज्यादा होना, इसे रोकने का उपाय नहीं है।

**155. गर्भाशय गुहा की लंबाई एवं स्थिति का आकलन करने के लिए प्रयोग किए जाने वाला उपकरण है-**

(a) वेजाइनल स्पेकुलम

(b) वालसेलम

(c) टिनाकुलम

(d) यूटेराइन साउण्ड

**उत्तर—(d)**

गर्भाशय गुहा की लंबाई एवं स्थिति का आकलन करने के लिए यूटेराइन साउण्ड (Uterine Sound) नामक उपकरण का प्रयोग किया जाता है।

**156. प्लैसेंटा प्रिविया में रक्त का क्या रंग होता है?**

(a) चमकीला लाल
(b) ईंट के रंग जैसा लाल
(c) भूरा लाल
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर—(a)**

प्लैसेंटा प्रिविया (Placenta Previa) में योनि द्वारा स्रावित रक्त का रंग चमकीला लाल (Bright Red) होता है तथा इसके दौरान प्रायः पेट में मरोड़ या दर्द नहीं होता है। यह मुख्यतः गर्भावस्था के तीसरे तिमाही (Third Trimester) में होता है।

**157. लैमिनेरिया टेंट है-**

(a) हाइग्रोस्कोपिक ऑस्मोटिक डायलेटर
(b) रॉड के आकार के स्टील डायलेटर
(c) एक कपड़ा जो प्रोसीजर के समय मरीज के ऊपर ढका जाता है।
(d) उपरोक्त कोई नहीं

**उत्तर—(a)**

लैमिनेरिया टेंट एक हाइग्रोस्कोपिक ऑस्मोटिक डायलेटर है, जो शुष्क लैमिनेरिया (एक प्रकार का शैवाल) से निर्मित एक पतले रॉड के जैसा होता है। इसका उपयोग प्रसव पीड़ा उत्पन्न करने, डिलीवरी अथवा गर्भपात के दौरान गर्भाशय ग्रीवा को फैलाने में किया जाता है।

**158. ह्यूमन पैपिलोमा वायरस से संक्रमित स्त्रियों में खतरे की संभावना होती है-**

(a) बांझपन
(b) सरवाईकल कैंसर
(c) गर्भाशय फाइब्राएड
(d) अनियमित माहवारी

**उत्तर—(b)**

ह्यूमन पैपिलोम वायरस (HPV) विषाणुओं का एक समूह है। HPV के 100 से अधिक प्रकार हैं, जिनमें से 13 कैंसर उत्पन्न करने की क्षमता रखते हैं। HPV का संक्रमण मुख्यतः लैंगिक संपर्क (Sexual Contact) के द्वारा होता है। इससे संक्रमित स्त्रियों में सरवाईकल कैंसर होने की संभावना होती है।

**159. भारतवर्ष में मां की मृत्यु का मुख्य कारण है-**

(a) बाधित जन्म प्रक्रिया (b) संक्रमण
(c) रक्ताल्पतता (d) रक्तस्राव

**उत्तर—(d)**

भारतवर्ष में मां की मृत्यु (Maternal Death) का मुख्य कारण रक्तस्राव (Hemorrhage) है। उचित प्रसव प्रबंधन के अभाव में ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है।

**160. प्राइमीपैरा में पारटोग्राफ की लेटेंट फेज है (लगभग) -**

(a) 4 घंटे (b) 8 घंटे
(c) 12 घंटे (d) 16 घंटे

**उत्तर—(b)**

प्राइमीपैरा में पारटोग्राफ की लेटेंट फेज लगभग 8 घंटे की होती है। प्रसव की इस प्रावस्था के दौरान गर्भाशय ग्रीवा का फैलाव अथवा विस्तारण लगभग 4 सेमी. तक हो जाता है, जो एक्टिव फेज में बढ़कर 10 सेमी. तक हो जाता है।

**161. एच.सी.जी. का स्रोत है-**

(a) सिनसिटियोट्रोफोब्लास्ट
(b) साइटोट्रोफोब्लास्ट
(c) एमनियोन
(d) कोरियोन

**उत्तर—(a)**

ह्यूमन कोरिओनिक गोनैडोट्रापिन या एच.सी.जी. एक प्लैसेंटल हॉर्मोन है, जो प्रारंभिक रूप से सिनसिटियोट्रोफोब्लास्ट की कोशिकाओं से स्रावित होता है। गर्भ परीक्षण के दौरान इस हॉर्मोन का परीक्षण माता के रुधिर व मूत्र में किया जाता है। इस हॉर्मोन की उपस्थिति महिला के गर्भवती होने का सूचक है।

**162. फाइब्राइड यूटरस किसमें ज्यादा होता है?**

(a) बांझ स्त्री
(b) रजोनिवृत्ति महिला
(c) मल्टीपैरेटी
(d) 35 वर्ष से अधिक उम्र की महिला में

**उत्तर—(d)**

गर्भाशय या यूटरस की दीवार पर मांसल ट्यूमर का विकसित होना फ्राइब्राइड यूटरस कहलाता है तथा यह प्रायः कैंसर कारक नहीं होता है। यह स्थिति ज्यादातर 35 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं में होता है।

**163. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :**

| सूची -I | सूची -II |
|---|---|
| A. एन्ड्रोइड श्रोणि | 1. ट्रांसवर्सली ओवल |
| B. गायनीकोइड श्रोणि | 2. त्रिकोना |
| C. एंथ्रोपोइड श्रोणि | 3. गोल |
| D. प्लेटीपैलाइड श्रोणि | 4. एंटेरियर पोस्टेरियर ओवल |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (c) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

उत्तर—(b)

सही सुमेलित हैं-

| (सूची -I ) | ( सूची -II) |
|---|---|
| एन्ड्रोइड श्रोणि | त्रिकोना |
| गायनीकोइड श्रोणि | गोल |
| एंथ्रोपोइड श्रोणि | एंटेरियर पोस्टेरियर ओवल |
| प्लेटीपेलाइड श्रोणि | ट्रांसवर्सली ओवल |

**164. अग्र फांटनेल का आकार होता है-**

(a) गोल (b) चौकोर

(c) डायमंड (d) त्रिकोणीय

उत्तर—(c)

अग्र फांटनेल (Anterior Fontanelle) डायमंड के आकार (Diamond Shaped) का होता है ,जो कि विकसित हो रहे भ्रूणीय कपाल (Fetal Skull) के दो फ्रांटल तथा दो पेराइटल अस्थियों के बीच स्थित होता है। यह जन्म के बाद लगभग 18 माह तक बना रहता है। तत्पश्चात कपाल की हड्डियों के ऑसिफिकेशन (Ossification) के कारण यह बंद हो जाता है।

**165. बेल्स पाल्सी होती है, जख्मों में-**

(a) पांचवीं क्रेनियल नर्व

(b) सातवीं क्रेनियल नर्व

(c) ब्रेकियल प्लेक्सस

(d) बारहवीं क्रेनियल नर्व

उत्तर—(b)

मनुष्य में बारह जोड़ी क्रेनियल नर्व पाए जाते हैं, जिसमें सातवीं जोड़ी को फेशियल नर्व कहते हैं तथा यह चेहरे पर फैली होती है। इसके क्षतिग्रस्त या जख्मी होने से चेहरे की अस्थायी पैरालिसिस हो जाती है, जिसे बेल्स पाल्सी कहते हैं।

**166. बच्चों में विल्म्स ट्यूमर किस अंग को प्रभावित करता है?**

(a) फेफड़े (b) वृक्क

(c) मस्तिष्क (d) आंत

उत्तर—(b)

विल्म्स ट्यूमर एक प्रकार का किडनी या वृक्क कैंसर है, जो मुख्यतः बच्चों को प्रभावित करता है। इसे नेफ्रोब्लास्टोमा (Nephroblastoma) भी कहा जाता है। यह रोग अधिकांशतः 3 - 4 वर्ष आयु के बच्चों में होता है।

**167. 'रोड टू हेल्थ' इंगित करता है-**

(a) संतुलित आहार (b) बच्चों की शारीरिक वृद्धि

(c) परिवार का स्वास्थ्य (d) बच्चे की शिक्षा

उत्तर—(b)

'रोड टू हेल्थ' (Road To Health) बच्चों की शारीरिक वृद्धि को इंगित करता है। इसके तहत एक कार्ड दिया जाता है, जिसमें प्रतिरक्षण (Immunisations) तथा वृद्धि दर (Growth Rate) संबंधी रिकॉर्ड होता है तथा यह जन्म से 5 वर्ष तक बच्चों की शारीरिक वृद्धि के निगरानी में सहायक होता है।

**168. आई.एम.एन.सी.आई. के वर्गीकरण में गुलाबी रंग का कोड है- क्या करने की जरूरत है?**

(a) कुछ करने से कोई लाभ नहीं है।

(b) अस्पताल भेजने या भर्ती करने की जरूरत है।

(c) विशेष इलाज आरंभ करने को इंगित करता है।

(d) घरेलू इलाज पर जोर।

उत्तर—(b)

आई.एम.एन.सी.आई. (Integrated Management of Neonatal and Childhood Illnesses - IMNCI) के वर्गीकरण में बच्चों के बीमारी की अवस्था को तीन रंगों के कोड के रूप में विभाजित किया गया है। गुलाबी (Pink) रंग का कोड बच्चे को अस्पताल भेजने या भर्ती करने की जरूरत को दर्शाता है। पीले (yellow) रंग का कोड विशेष इलाज आरंभ करने को इंगित करता है, जबकि हरे (Green) रंग का कोड घरेलू इलाज पर जोर देता है।

**169. 'दस का नियम' लागू होता है-**

(a) कटे होंठ (b) एम्परफोरेट एनस

(c) टी.ई.एफ. (d) सी.एच.डी.

उत्तर—(a)

कटे होंठ (Cleft Lip) विश्व में सबसे अधिक पाए जाने वाले जन्म दोषों (Brith Defects) में से एक है। इस दोष के निवारण अर्थात कटे होंठ के मरम्मत (Repair) हेतु 'दस का नियम' लागू होता है।

**170. बी.एफ.एच.आई. है-**

(a) ब्रेस्ट फीडिंग हॉस्पिटल इनिशिएटिव

(b) ब्रेस्ट फीडिंग हेल्थ इनिशिएटिव

(c) बेबी फ्रेंडली हेल्थ इनिशिएटिव

(d) बेबी फ्रेन्डली हॉस्पिटल इनिशिएटिव

उत्तर—(d)

बी.एफ.एच.आई. का पूरा नाम 'बेबी फ्रेंन्डली हॉस्पिटल इनिशिएटिव' है। इसका आरंभ WHO तथा UNICEF द्वारा वर्ष 1991 में किया गया था। यह स्तनपान के समर्थन व संरक्षण हेतु वैश्विक प्रयास से संबंधित है।